आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



‘युग पुरुष’ को श्रद्धांजलि

वर्ष : 27 अंक : 04 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# देश में स्थिरता व सुशासन का मॉडल अटल जी ने दिया था : मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का 100वां जन्म दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी समाधिस्थल पर जाकर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पीएम मोदी ने आगे कहा, मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है।

आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी।

ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी। वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे।

अटली जी की सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए।

# सुबह से गिरिजाघरों में हुई प्रार्थना सभाएं

## नोएडा व ग्रेटर नोएडा के चर्च में रातभर चले कार्यक्रम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज क्रिसमस यानी बड़ा दिन के पर्व पर नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के गिरिजाघरों में सुबह से ही प्रेयर करने वालों की भीड़ देखी गई। प्रेयर के बाद सभी इसाईयों ने परस्पर हैप्पी क्रिसमस तथा हैप्पी मैरी की बधाई दी।

सेक्टर-34 स्थित सेंट मैरीज चर्च, ग्रेटर नोएडा के ओमेगा-2 स्थित सेंट जोसेफ चर्च, नोएडा के सेक्टर-29, 33, 39, 37, 50 तथा 51 स्थित चर्च में भी सुबह से महिलाओं, बच्चों युवाओं तथा बुजुर्गों की भीड़ रही। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# विभिन्न सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मांच )।** अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। थाना एक्सप्रेसवे में बुलंदशहर निवासी कालीचरण उर्फ कालू ने दर्ज फोटो बताया कि उसका भाई राजकुमार उर्फ राजू एक कर पर ड्राइवर की नौकरी करता था। 22 दिसंबर को वह परी चौक से होकर गुड़गांव की तरफ जा रहा था। राजकुमार की गाड़ी जब एडवांस बिल्डिंग के पास पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी कर में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक कर पलट गई और राजकुमार उर्फ राजू को गंभीर चोट आई घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

थाना सेक्टर 126 क्षेत्र में बीते दिनों सड़क किनारे खराब खड़े हाईवे से टकराकर घायल हुए स्कूटी सवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सेक्टर 134 निवासी अर्शदीप अपनी **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा( चेतना मांच )।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला में रहने वाले एक युवक में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मुलुक से करणपुर का रहने वाला ऋषभ अपने परिजनों के साथ हाल में बरौला गांव में किराए पर रह रहा था। मंगलवार को उसके परिजन किसी कार्य से बाहर गए हुए थे देर शाम को जब वह घर वापस लौटे तो उन्हें ऋषभ फांसी के फंदे पर लटका मिला पर दोनों ने ऋषभ को नीचे उतरा और चिकित्सा के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# देश में सुशासन के अग्रदूत थे अटल जी : डॉ. महेश शर्मा

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी
जन्म शताब्दी समारोह-2024-25
जिला संगोष्ठी

## अटल जी की जयंती पर भाजपा ने की संगोष्ठी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भाजपा द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। सेक्टर-116 स्थित भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि अटल जी आधुनिक भारत के कुशल शिल्पकार थे। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की मौत

जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लुक्सर जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे एक बंदी की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया थाना ईकोटेक वन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। न्यू शांति नगर जनपद गाजियाबाद निवासी 54 वर्षीय दिलीप सिंह को गाजियाबाद के एक केस में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। 23 अप्रैल 2024 को दिलीप सिंह को **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# घर से किशोरी लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले विनोद कुमार (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके (14 वर्षीय) बेटी बीते दिन हो घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजन ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

# ‘बिना लाइसेंस के जाम छलकाया तो खैर नहीं’

## अवैध मदिरा बिक्री की तुरंत दें जानकारी, आबकारी विभाग ने दिये निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने जन सामान्य को बताया कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक तीव्र विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ ही व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की खुली शराब/पाउचों में बंद शराब की बिक्री अनुमन्य नहीं है। केवल अनुज्ञापित दुकानों से बिकने वाली सील्ड एवं क्यू0आर0 कोड लगी हुई शराब का ही उपभोग करें। अनुज्ञापित दुकानों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से बिकने वाली शराब की सूचना आबकारी विभाग को तत्काल दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा।

उन्होंने होटल/मैरिज हॉल/क्लब आयोजकों को बताया कि होटल/मैरिज हॉल/क्लब पार्टियों में मदिरा उपभोग एवं परोसने के लिए **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# नक्शा के बिना हो रही थी प्लाटिंग, 18 पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में स्थित ग्राम तुस्याना में प्राधिकरण की बिना अनुमति व बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग करने के आरोप में थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने 18 लोगों को नामजद कराया है। सहायक प्रबंधक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत ग्राम तुस्याना अधिसूचित क्षेत्र में स्थित है। इस गांव के 9 खसरों पर बिना नक्शा पास कारण प्लाटिंग कर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। प्लाटिंगकर्ता द्वारा यहां कॉलोनी काटकर भोली भाली जनता को फंसाकर अवैध रूप से प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्राधिकरण की टीम द्वारा कई बार मौके पर जाकर निर्माण कार्य रुकवाया। इसके बावजूद भी प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा देर-सबेर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन खसरों पर हो वहीं अवैध प्लाटिंग की वजह से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान के हित प्रभावित होंगे तथा भोली-भाली जनता को वित्तीय हानि होगी। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# तीन पत्नियों ने ठोंका पति की संपत्ति पर दावा, प्राधिकरण पशोपेश में

## अदालती उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के बाद ही हस्तांतरित होगी संपत्ति : वंदना त्रिपाठी

हरित नोएडा
स्वच्छ नोएडा
मुख्य प्रशासनिक कार्यालय
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सैक्टर-6 नोएडा (उ0प्र0)

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व प्रोन्नत आईएएस अधिकारी की मौत के बाद उनकी तीन कथित पत्नियों ने संपत्ति हस्तांतरण को लेकर दावे पेश किए हैं। अब नोएडा प्राधिकरण इन दावों को लेकर पशोपेश में है कि कौन असली दावेदार है और कौन नकली? एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने कहा कि अब अदालत से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लाने के बाद ही उसी के नाम संपत्ति हस्तांतरित की जाएगी।

रिटायर आईएएस अधिकारी हरि शंकर मिश्र की मौत इस साल 11 जुलाई 2024 को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में हो गई। उनकी मौत के कुछ दिन बाद ही एक 30 साल की महिला जिसका नाम शिबा शिखा ने हरि शकंर की पत्नी होने का दावा किया। और शादी का प्रमाणपत्र व डेथ सर्टिफिकेट लेकर प्राधिकरण में प्रॉपर्टी अपने नाम करने के लिए आवेदन किया। दस्तावेज देखने के बाद प्राधिकरण ने 4 दिसंबर 2024 को सेक्टर-62 आरएन-14 की आवासीय भूखंड शिबा के नाम कर दिया। हालांकि शिबा ने शादी का जो प्रमाण पत्र **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की तैयारी शुरू

## सीबीआई ने भी नोएडा प्राधिकरण को दी मंजूरी

GHAZIPUR
दिल्ली
DELHI
SECTOR - 11
न्यू कोण्डली
NEW KONDLI
10, 12, 22
स्टेडियम
STADIUM
UDHYOG MARG

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-1 से सेक्टर-11 झुंडपुरा को जाने वाले उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने को हरी झंडी मिल गई है। इस मामले में अब सीबीआई ने भी प्राधिकरण को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह कार्य अगले महीने शुरू किया जाएगा। इसकी तैयारी नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए एजेंसी का चयन और सर्वेक्षण करा लिया गया है। ग्रैप 4 के प्रतिबंध हटने के बाद काम शुरू शुरू करवा करवा दिया जाएगा। उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की परियोजना पर करीब 49 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के पूरा होने के बाद व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आस-पास के क्षेत्रों का भी विकास तेज होगा।

सड़क के नीचे पहले बिछाई गई बिजली केबिल परियोजना की जांच सीबीआई कर रही है। इस सड़क पर काम शुरू करवाने के लिए प्राधिकरण ने सीबीआई से मंजूरी मांगी थी, वह भी मिल गई है।

# बस से बिहार ले जा रही थी शराब

## चालक ने पकड़ा 16 बोतलें बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** निजी बस में चोरी छुपे शराब ले जा रही एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 16 बोतल शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई है। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान एमिटी बस स्टैंड पर पुलिस को बस के पास भीड़ जमा दिखाई दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि बस चालक ने एक महिला को पकड़ रखा है। महिला के समान से 16 बोतल हरियाणा ब्रांड शराब बरामद हुई है। महिला इस शराब को बस के द्वारा बिहार ले जाने की फिराक में थी। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूल रहे थे सेल्समैन, मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आबकारी विभाग की टीम ने निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूलने पर शराब व बीयर ठेके के दो सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा गोपनीय तरीके से शराब व बीयर खरीदने के लिए भेजे गए व्यक्तियों से सेल्समैन ने 10 रुपए अधिक ले लिए थे। सर्किल-5 के आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि वह गोपनीय तरीके से शराब के ठेकों की जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रामपुर गांव में स्थित बियर की दुकान पर एक व्यक्ति को बियर खरीदने के लिए भेजा। ठेके के सेल्समैन ने 120 रुपए की बियर की केन 130 रुपए में दी। अधिक पैसे वसूलने पर आबकारी विभाग की टीम ने सेल्समैन को दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि अपने निजी फायदे के लिए वह ग्राहकों से 10 रुपए फालतू ले रहा है। आबकारी निरीक्षक ने सेल्समैन **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# कार खड़ी करने पर मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

**दादरी ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में चार युवकों ने कार चालक की पिटाई कर दी। मारपीट में युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के भाई ने थाना दादरी में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम डाबरा निवासी भूपेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 दिसंबर को उसका छोटा भाई मोहित अपनी कार लेकर डाबरा बाजार में सामान खरीदने गया था। बाजार में कार खड़ी करने को लेकर उसके भाई का विवाद राजस्थान भिवाड़ी निवासी गौरव यादव **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## डॉक्टरों की कमी

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है। सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कालेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते। सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है कि देश चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों व अनुसंधान में पीछे क्यों रह गया है। साथ ही देश की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन भी जरूरी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि क्या कहें, कोई बात कही नहीं जाती। यह बारात है या यमराज की सेना? दूल्हा पागल है और बैल पर सवार है। साँप, कपाल और राख ही उसके गहने हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हियँ हरषे सुर सेन निहारी। हरिहि देखि अति भए सुखारी॥**
**सिव समाज जब देखन लागे। बिडरि चले बाहन सब भागे॥**

देवताओं के समाज को देखकर सब मन में प्रसन्न हुए और विष्णु भगवान को देखकर तो बहुत ही सुखी हुए, किन्तु जब शिवजी के दल को देखने लगे तब तो उनके सब वाहन (सवारियों के हाथी, घोड़े, रथ के बैल आदि) डरकर भाग चले॥

**धरि धीरजु तहँ रहे सयाने। बालक सब लै जीव पराने॥**
**गएँ भवन पूछहिं पितु माता। कहहिं बचन भय कंपित गाता॥**

कुछ बड़ी उम्र के समझदार लोग धीरज धरकर वहाँ डटे रहे। लड़के तो सब अपने प्राण लेकर भागे। घर पहुँचने पर जब माता-पिता पूछते हैं, तब वे भय से काँपते हुए शरीर से ऐसा वचन कहते हैं॥

**कहिअ काह कहि जाइ न बाता। जम कर धार किधौं बरिआता॥**
**बरु बौराह बसहँ असवारा। ब्याल कपाल बिभूषन छारा॥**

क्या कहें, कोई बात कही नहीं जाती। यह बारात है या यमराज की सेना? दूल्हा पागल है और बैल पर सवार है। साँप, कपाल और राख ही उसके गहने हैं॥

(क्रमशः... )

# देश के अप्रतिम नेता अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत का जश्न

> ***25 दिसम्बर, 2024 का सुशासन दिवस विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि यह अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 19 से 24 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाले प्रशासन गाँव की ओर%नामक एक सप्ताह के अभियान की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शासन को जमीनी स्तर पर लाना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशासनिक सेवाएँ ग्रामीण आबादी तक पहुँच सकें। सुशासन दिवस पारदर्शी, जवाबदेह और लोगों की ज़रूरतों के प्रति उत्तरदायी शासन के महत्त्व की याद दिलाता है। सुशासन सार्वजनिक संसाधनों और संस्थानों को ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से, भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग के बिना प्रबंधित करने की एक प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि कानूनों का पालन किया जाए, मानवाधिकारों की रक्षा की जाए और समाज की ज़रूरतों को पूरा किया जाए। इसका उद्देश्य नागरिकों की प्रभावी रूप से सेवा करने और शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ज़िम्मेदारी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है।***

भारत में हर साल 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया जाता है। पहली बार 2014 में मनाया गया यह दिवस पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुँचे। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रमुख भारतीय राजनेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्य थे। अपनी वाक्पटुता और काव्य कौशल के लिए जाने-जाने वाले, उन्हें उनके उदार राजनीतिक विचारों और आम सहमति बनाने के प्रयासों के लिए पार्टी लाइनों से परे सम्मान दिया जाता था। वाजपेयी का राजनीतिक करियर पाँच दशकों से अधिक समय तक चला, जिसके दौरान उन्होंने भारत की घरेलू और विदेश नीतियों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में, उन्हें 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

25 दिसम्बर, 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रतिष्ठित राजनेता, कवि और वक्ता थे। उन्होंने तीन बार भारत के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया और देश के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनके कार्यकाल में महत्त्वपूर्ण आर्थिक सुधार, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ और भारत की वैश्विक स्थिति में सुधार के प्रयास शामिल थे। वाजपेयी के नेतृत्व की विशेषता लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता थी, जो उनकी जयंती को सुशासन दिवस मनाने का एक उपयुक्त अवसर बनाती है। सुशासन दिवस 2024 न केवल वाजपेयी की विरासत का स्मरण करता है, बल्कि नागरिकों और अधिकारियों से देश के समग्र विकास के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी शासन को बढ़ावा देने का आग्रह भी करता है।

25 दिसम्बर, 2024 का सुशासन दिवस विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि यह अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 19 से 24 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाले %प्रशासन गाँव की ओर% नामक एक सप्ताह के अभियान की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शासन को जमीनी स्तर पर लाना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशासनिक सेवाएँ ग्रामीण आबादी तक पहुँच सकें। सुशासन दिवस पारदर्शी, जवाबदेह और लोगों की ज़रूरतों के प्रति उत्तरदायी शासन के महत्त्व की याद दिलाता है। सुशासन सार्वजनिक संसाधनों और संस्थानों को ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से, भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग के बिना प्रबंधित करने की एक प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि कानूनों का पालन किया जाए, मानवाधिकारों की रक्षा की जाए और समाज की ज़रूरतों को पूरा किया जाए। इसका उद्देश्य नागरिकों की प्रभावी रूप से सेवा करने और शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ज़िम्मेदारी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

भारतीय राजनीति में उनके योगदान और पारदर्शी और जवाबदेह सरकार के लिए उनके दृष्टिकोण को मान्यता देना। जागरूकता को बढ़ावा देना, नागरिकों को सुशासन के महत्त्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना। जनता की प्रभावी और नैतिक रूप से सेवा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मज़बूत करना। इसे किसी संगठन या समाज के भीतर निर्णय लेने और लागू करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। शासन केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही आवश्यक नहीं है; यह उद्देश्यों को प्राप्त करने और समुदाय या समूह की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में भी मदद करता है। विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन 卐वह तरीक़ा है जिसमें विकास के लिए किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता है卐। संस्थाओं को इस तरह से संचालित होना चाहिए कि दूसरों के लिए यह देखना आसान हो कि क्या कार्य किए जा रहे हैं। यह भ्रष्ट आचरण को भी रोकता है। शासक वर्ग को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इससे लोगों और पूरे समाज की बेहतरी सुनिश्चित होगी।

शासी संस्थाओं को लोगों की चिंताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उचित समय के भीतर उनकी ज़रूरतों को पूरा करना चाहिए। समाज के सभी वर्गों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सुधार के लिए समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। निर्णय समाज के एक बड़े वर्ग की सहमति से लिए जाने चाहिए, ताकि यह किसी के लिए हानिकारक न हो। उपलब्ध संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए ताकि ऐसे परिणाम प्राप्त हों जो उनके समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करें। प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों को बनाए रखने के लिए कानूनी ढांचे को निष्पक्ष तरीके से लागू किया जाना चाहिए। समाज के लोगों को वैध संगठनों या प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी राय व्यक्त करने में सक्षम होना चाहिए। इसमें कमजोर और पिछड़े समूह भी शामिल हैं। सुशासन प्रथाएँ जनता के हितों को बनाए रखने में मदद करती हैं। सुशासन किसी संगठन को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए मौजूदा संसाधनों का इष्टतम और कुशल उपयोग करने में सक्षम बनाता है। सुशासन प्रथाएँ शक्ति और पद के अत्यधिक उपयोग के विरुद्ध जाँच और संतुलन भी सुनिश्चित करती हैं।

शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी तभी प्राप्त की जा सकती है जब सुशासन प्रथाओं को लागू किया जाए। सुशासन दिवस विभिन्न पहलों के माध्यम से नैतिक शासन, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी पर ज़ोर देता है। इन पहलों का उद्देश्य प्रशासन को अधिक कुशल, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाना है। ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता और सरकारी सेवाओं तक निर्बाध पहुँच को बढ़ावा देता है। नागरिकों को सार्वजनिक सूचना तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। सरकारी परियोजनाओं पर प्रतिक्रिया प्रदान करके नीति निर्माण में नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। पूरे भारत में स्वच्छता, सफ़ाई और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है। लाभार्थियों को सीधे सब्सिडी हस्तांतरित करता है, भ्रष्टाचार को कम करता है और लक्षित वितरण सुनिश्चित करता है। कुशल शासन के लिए देरी को सम्बोधित करते हुए सरकारी परियोजनाओं के समय पर निष्पादन की निगरानी करता है।

**-डॉश सत्यवान सौरभ,**
**कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार**

## भारत में बायोहैकिंग प्रचलन कैसे बढ़ा?

लाइफ इज मिंट फ़ॉर जॉय यानी जीवन जीने के लिए है। लेकिन कुछ लोग प्राकृतिक और शारीरिक परिस्थितियों में मनमाफिक बदलाव लाकर ज्यादा से ज्यादा जीने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। इनके लिए बायोहैकिंग एक ऐसा शब्द बन चुका है जो शरीर की काम करने की क्षमता को बेहतर बनाने और उम्र बढ़ाने के तरीकों से जुड़ा हुआ है। इसलिए अब दुनिया के लोग इस पर फिदा होते जा रहे हैं। भारत में भी बायोहैकिंग के दीवाने बढ़ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि विश्वविद्यालयों में बायोसाइंसेज और हेल्थ रिसर्च से जुड़े छात्रों में इस नवीनतम ज्ञान और शोध के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। इस बारे में लोग पूछताछ कर रहे हैं।

बता दें कि बायो और हैकिंग नामक दो शब्द सेहत से जुड़ी बायोलॉजिकल प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं। ये भले ही नॉन-ट्रेडिशनल हैं और अभी मेडिकली इस पर मुहर नहीं लगी है। फिर भी इनके पीछे कुछ वैज्ञानिक साक्ष्य हैं, जो क्लिनिकल प्रैक्टिस में आने के लिए यह काफी नहीं है। हालांकि, इसके व्यक्तिगत अनुप्रयोग में इजाफा देखा जा रहा है, जो खतरे से खाली नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स भी इस बात की चुगली कर रही हैं कि मौत को मात देने के इस नए ट्रेंड का भारत में प्रचलन बढ़ रहा है। यहां बायोहैकिंग का क्रेज़ इतना है कि रोज इसके अनुगामियों की संख्या बढ़ रही है। अब तो डाइटिंग के साथ प्राकृतिक चिकित्सा उपायों और योग-ध्यान से जुड़े रहस्यों के साथ भी इसे जोड़ा जाने लगा है।

आपको पता होगा कि महज 47 साल के अमेरिकी बायोहैकर और उद्यमी ब्रायन जॉनसन इन दिनों मौत को मात देने पर तुले हुए है। हाल ही में वो भारत भी आए थे। यहां पर भी उन्होंने अपना एज-रिवर्सिंग ब्लूप्रिंट प्रोटोकॉल लॉन्च किया, जिसमें ढेर सारे सप्लीमेंट्स, टेस्ट, एक्सपेरिमेंट्स, खास तरह का डाइट प्लान और एलईडी लाइट एक्सपोजर जैसे तमाम उपायों के सहारे जीवन प्रत्याशा बढ़ने-बढ़ाने के दावे किए गए हैं। एक अंग्रेजी दैनिक के मुताबिक, भारत में भी ऐसे लोगों का एक बड़ा समूह (ग्रुप) बन गया है, जो अपने शरीर और दिमाग को बेहतर बनाने के लिए हर तरह के उपाय लगा रहे हैं। इनमें कड़ाके की ठंड में बर्फ स्नान से लेकर रेड लाइट थेरेपी और ढेर सारे सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल तक शामिल है। यही नहीं, कुछ लोगों के रूटीन में हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी शामिल है। वहीं, कुछ लोग इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें पैदा करने वाले उपकरणों से अपनी आयु बढ़ाने के जतन में जुटे हुए हैं।

इसलिए आज मैं अपने इस आलेख के माध्यम से आपको यह बताने की कोशिश कर रहा हूँ कि आखिर बायोहैकिंग में क्या होता है? जानकार बताते हैं कि भारत में बढ़ते बायोहैकर कम्युनिटी के पास भले ही जॉनसन जैसा मोटा बजट न हो, लेकिन वे लोग सेहत को बेहतर बनाने के लिए अपने-अपने तरीके आजमा रहे हैं जो खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि यह आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के द्वारा प्रमाणित नहीं है। इससे जुड़ी कोई शोध रिपोर्ट्स भी अबतक नहीं आई है। हालांकि कुछ बायोहैक्स तो बहुत आसान हैं, जैसे ध्यान, उपवास, सप्लीमेंट्स लेना, धूप में बैठना और एक्सरसाइज करना। लेकिन इस क्षेत्र में कई तरह के अनुप्रयोग भी किए जा रहे हैं। मिसाल के तौर पर, जॉनसन ने अपने बेटे के साथ प्लाज्मा और ब्लड स्वैप किया। वहीं, चेहरे में डोनर फैट इंजेक्शन भी लगाया, जो कामयाब नहीं रहा।

सवाल है कि भारत में बायोहैकिंग का चलन कैसे विकसित और प्रचलित हुआ? क्योंकि बायोहैकिग आधुनिक दवाइयों के परिणाम से नाखुशी मतलब साइड इफेक्ट्स की वजह से विकसित हुआ है। समझा जाता है कि लंबी उम्र या सेहतमंद जीवन जीने की बढ़ती दिलचस्पी ही लोगों को बायोहैकिंग की तरफ आकर्षित कर रही है। बताया जाता है कि जहां भारत में डिकोड एज के को-फाउंडर राकेश सोमानी ने दस साल पहले अपनी परफॉर्मेंस बेहतर बनाने के लिए बायोहैकिंग शुरू किया था। वहीं, लोग तरह-तरह के अनुप्रयोग कर रहे हैं और अपने अनुभवों को भी सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

कुछ लोग बर्फ के पानी में डुबकी लगाते हैं; वो भी तब, जबकि दिल्ली में कड़ाके की सर्दी पड़ रही हो। क्योंकि इनका मानना है कि आइस बाथ यानी बर्फ स्नान से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और व्यायाम के बाद रिकवरी अच्छी होती है। इससे दिमाग भी ज्यादा मजबूत बनता है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने ग्लूटेन, कॉर्न, डेयरी और प्रोसेस्ड फूड आदि छोड़ दिए हैं। इनका डिनर शाम छह-सात बजे तक खत्म हो जाता है।

ऐसे लोग स्किन हेल्थ, मसल्स रिकवरी के लिए रेड लाइट थेरेपी का भी इस्तेमाल करते हैं। वहीं, योग के अलावा तनाव को कंट्रोल में रखने के लिए न्यूरोफीडबैक के रूटीन को पूरा करते हैं। वहीं कुछ लोग हफ्ते में दो बार 23 घंटे का उपवास करते हैं। इनकी प्रक्रियाओं में प्रोटीन लेना, ढेर सारे सप्लीमेंट्स, क्रायोथेरेपी (जबरदस्त ठंड में रहना), एंटी-एजिंग ड्रिप्स और रेड लाइट थेरेपी आदि शामिल हैं, जो इनके प्रयोगकर्ताओं के रूटीन में शामिल हो चुके हैं।

दिलचस्प बात तो यह है कि ऐसे लोग यह सब कुछ करते हुए भी रोज महज छह घंटे ही सोते हैं और अपनी प्रोग्रेस ट्रैक करने के लिए डिवाइस भी पहनते हैं। वहीं कुछ लोग

धूप में बैठते हैं, घास पर नंगे पैर चलते हैं, रेड लाइट थेरेपी करते है, ग्राउंडिंग मैट्स का इस्तेमाल करते हैं। वह ब्लू-लाइट ब्लॉकिंग ग्लासेज पहनते हैं, ताकि लंबा जीवन जी सकें। ये लोग पेट के माइक्रोबायोम का एनालिसिस भी करवाते हैं और अपने ब्लड एज भी चेक कराते है। कहने का तातपर्य यह कि लोग अपने जीवन को, आयु को बढ़ाने के लिए इतने सारे यत्न प्रयत्नपूर्वक करते हैं।

हालांकि, इनकी बढ़ती गतिविधियों से कुछ लोगों के मनोमस्तिष्क में यह सवाल भी पैदा हो रहा है कि क्या बायोहैकिंग नुकसानदेह भी हो सकता है? इसको स्पष्ट करते हुए सीएसआईआर इंस्टिट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी के एक्सपर्ट बताते हैं कि बायोहैकिंग एक खतरनाक रास्ता भी हो सकता है, क्योंकि ज्यादातर बायोहैकिंग क्रियाएं बिना खतरों को देखे, महसूस किए ही किये जाते हैं। वो वजन कम करने के लिए डायबिटीज की दवा ओजेम्पिक के हालिया चलन का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि यह दवा अत्यधिक मोटापे और मेडिकल कॉम्प्लिकेशन्स से जूझ रहे लोगों के लिए तो अच्छी हो सकती है। लेकिन जब कोई फ़िल्म स्टार अपना थोड़ा सा वजन करने के लिए यही दवा लेता है, तो ये हैकिंग है। ये इसका समर्थन नहीं करते हैं, क्योंकि ये इसके दीर्घकालीन प्रभावों व उसके नतीजों के बारे में नहीं जानते हैं।

एक उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि एक समय में भूख कम करने वाली गोलियां बहुत ज्यादा चलती थीं, लेकिन जब बाद में पता चला कि इनसे पल्मोनरी हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ता है, जो जानलेवा भी हो सकता है, तो उसके सेवन पर अपने आप रोक लग जाती है।

बहरहाल, आप मानें या न मानें, लेकिन इतना तो समझना ही होगा कि हमारा शरीर हमेशा के लिए जीने के लिए नहीं बना है। इसलिए कोई भी जुनून मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बुरा हो सकता है। अत: बेहतर यही होगा कि जीवन प्रत्याशा बढ़ाने के लिए अब तक हुए या हो रहे शोध रिपोर्ट्स पर गौर करें और उसके मुताबिक अपनी आदतें विकसित करें। **-कमलेश पांडे**

## राशिफल

पौष कृष्ण पक्ष एकादशी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे लेकिन स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। प्रेम-संतान अच्छा है, व्यापार अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
पढ़ाई-लिखाई के लिए समय बेहतर होगा। भावुकता पर काबू रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान व व्यापार मध्यम रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कुटुंबों में वृद्धि होगी। धन आगमन होगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सुकुमारता के प्रतीक बनेंगे। समाज में सराहना होगी। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शुभ समाचार की प्राप्ति। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ। सरकारी तंत्र से फायदा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को लेकर हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर एक बैठक हुई। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बैठक का संचालन जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी ने किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी समरसता दिवस के रूप मनाती है। उन्होंने बताया भाजपा गौतमबुद्धनगर सभी मंडलों में समरसता सदभावना यात्रा प्रत्येक मंडल में 2 से 3 किलोमीटर तक आयोजित की जाएगी और ज़िला कार्यालय पर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री गौतमबुद्नगर के लोकप्रिय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जी करेंगे। बैठक में मुख्यरूप से ज़िला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक पवन नागर, सतेंद्र नागर, गुरु देव भाटी, सत्यपाल शर्मा, अमित पंडित, विकास चौधरी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, महेश शर्मा, इन्द्रजीत टाइगर, हरिदत्त शर्मा, श्यामवीर भाटी, राजीव सिंघल आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर स्वाभिमान सम्मान मार्च

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में राज्यसभा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृहमंत्री श्री अमित शाह के द्वारा दिए गए अमर्यादित बयान के खिलाफ सूरजपुर अंबेडकर भवन से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आंबेडकर स्वाभिमान सम्मान मार्च करते हुए आक्रोशित प्रदर्शन किया व कमिश्नरेट कार्यालय प्रांगण में पुलिस उपायुक्त श्री शक्ति मोहन अवस्थी को मान0 राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

आंबेडकर स्वाभिमान सम्मान मार्च में शामिल सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा की अंग्रेजों की मुखबारी करने वाले लोग जो देश के लोगों से वर्तमान में झूठे वादे करके सत्ता पर काबिज हुए हैं ऐसी ताक़तें हमारे देश के महापुरुषों के प्रति कैसी विकृत सोच रखती हैं यह संसद में हाल ही में दिए गए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के वक्तव्य में परिलक्षित होता है।

जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने भाजपा को धिक्कारते हुए कहा कि कभी देश को जवाहरलाल नेहरू की अप्रासंगिक और मिथ्या आलोचना करके भ्रमित करने का काम किया जाता है कभी बगैर इतिहास की समझ रखे सरदार पटेल, महात्मा गांधी और तमाम ऐसी शक्तियों को जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए न सिर्फ सालों साल जेल में बिताए बल्कि हिंदुस्तान का भविष्य कैसा होगा, कैसे कानून, कैसे संविधान से यह देश चलेगा इसकी व्यवस्था भी उन युगदृष्टा महानुभावों ने ही की थी जिसमें संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष संविधान निर्माता डॉश बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का नाम प्रमुखता से आता है हम केंद्र सरकार को और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को यह कहना चाहते हैं देश की प्रगति और उन्नति का मार्गदर्शन और नेतृत्व हमारे देश का संविधान करता है और यदि संविधान बनाने वालों के प्रति आपके मन में दुर्भावना है तो यह देश और देश के करोड़ों देशवासी आपको कभी माफ नहीं करेंगे और वह दिन दूर नहीं जब आपका शासन समाप्त हो जाएगा। हमारी मांग है कि राष्ट्रपति महोदया केंद्रीय गृह मंत्री को बर्खास्त करके एक शुचिता की राजनीति और सार्थक संदेश देने की शुरुआत करने का काम करें ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों में आम आदमी का भरोसा और गहरा हो सके।

आंबेडकर स्वाभिमान सम्मान मार्च में पूर्व जिला अध्यक्ष अजय चौधरी, जितेंद्र चौधरी, राधा रानी, अजय पहलवान, धर्म सिंह बाल्मीकि, अशोक पंडित, धर्मेंद्र भाटी, निशा शर्मा, गौतम अवाना, मुकेश शर्मा, महाराज सिंह नागर, उर्मिला चौधरी, वसील अहमद, देवेश चौधरी, कल्पना सिंह, अवनीत बैसोया, संतराज नागर, सुबोध भट्ट, डॉ0 रतनलाल, सचिन जीनवाल, कैलाश बंसल, नीरज शर्मा, सतीश शर्मा, धीरे सिंह, सचिन कुमार, सचिन भाटी, रोहित नागर, ओमकार सिंह राणा, साहिल कुमार, शिवम्, राजकुमार, महावीर, रामकिशन सिंह, प्रथम कुमार, बिजेंद्र सिंह, अंकुर, मनीष, विजय कुमार, हनी बेनीवाल, योगेश कुमार, पप्पू पाल, मनीष सिंह, सोनू वाल्मीकि, विनीत राठी, रघुराज सिंह, रमेश वाल्मीकि, नदीम प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (नम्बरदार) का हुआ गठन

## उधम भाटी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (नम्बरदार) का गठन किया गया है यह संगठन किसानों की की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है संगठन के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष उधम भाटी बने हैं। बताया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन (नम्बरदार) के गठन से किसानों की लड़ाई में नई धार आएगी संगठन के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उधम भाटी ने कहा कि किसानों की लड़ाई एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना संगठन की पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि शीघ्र की संगठन को पूरे भारत में फैलाया जाएगा और पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी श्री भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की समस्याएं दिनों दिन बढ़ रही हैं लेकिन उनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में जिस तरह से किसान आंदोलन हुआ और किसानों पर पुलिस एवं प्रशासन के लोगों ने जुल्म ढाया वह निंदनीय है उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (नम्बरदार) गौतमबुद्ध नगर जिले से संगठन के विस्तार की शुरुआत करने जा रही है और यह संगठन कई राज्यों में किसने की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही संगठन का एक बड़ा सम्मेलन गौतम बुद्ध नगर में आयोजित होगा। जिसमें किसानों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

# जनपद में पांच छात्रावास भवनों का होगा निर्माण

**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्र सरकार के सहयोग से तीनों प्राधिकरण महिलाओं के लिए 5 छात्रावास भवनों का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास में 500 महिलाओं के रहने की क्षमता होगी।

यह परियोजना 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट 'स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट' के तहत पूरा किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार राज्य सरकार को धनराशि मुहैया कराएगी। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नोएडा प्राधिकरण और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक कर योजना की रूपरेखा तय की।

नोएडा में एक छात्रावास सेक्टर-83 के पास 24 मीटर रोड पर बनाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में तीन और यमुना सिटी क्षेत्र में एक छात्रावास बनाने की योजना है। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य हिस्सों में भी ऐसे छात्रावास बनाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने पहले भी महिलाओं के लिए सेक्टर-62 में एक हॉस्टल बनाया था, जो छह साल पहले तैयार हुआ था। यहां सामान्य दर पर कमरे उपलब्ध हैं। नए छात्रावास बनने से कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ आवास मिलेगा।

नोएडा प्राधिकरण इस परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराएगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन मुफ्त दी जाएगी या नाममात्र की राशि पर, इसका निर्णय राज्य सरकार करेगी। छात्रावासों का निर्माण किसी एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा। छात्रावास में किन महिलाओं को रहने की सुविधा मिलेगी, इसका फैसला जिला प्रशासन करेगा। जिला सेवायोजन विभाग और श्रम विभाग मिलकर यह तय करेंगे कि कौन सी कंपनियों और महिलाओं को इसमें जगह मिलेगी। यह भी तय किया जाएगा कि महिलाओं को कमरे मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे या न्यूनतम किराए पर होंगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सुबह से गिरिजाघरों में...**

लोगों ने चर्च में जाकर प्रार्थना सभा की। उधर कल रात को सभी चर्च में बेहतर लाइटिंग से साज-सज्जा की गई। रात 7.30 बजे से रात 10.30 बजे तक रात 10.30 से रात 1.00 बजे तक हिंदी में प्रभु यीशु की प्रार्थना सभाएं की गईं। सेक्टर-34 चर्च के फादर फिलिप कारिया ने बताया कि रात 11.00 बजे से 2.00 बजे तक अंग्रेजी में कैरोल सिंगिंग की गई। रात 12.00 बजे गिरिजा घरों में छोटा घड़ियाल के साथ प्रभु यीशु के जन्म का ऐलान किया गया। लोगों ने आपस में खुशी मनाकर बधाई दी।

**विभिन्न सड़क...**

स्कूटी से जा रहे थे। सड़क किनारे खराब खड़े हाइड्रा से उनकी स्कूटी की टक्कर हो गई। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

थाना सेक्टर 142 क्षेत्र में स्थित फेलिक्स अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की मौत हो गई। संगम विहार दिल्ली में रहने वाले राणा प्रताप सिंह का बलिया में एक्सीडेंट हो गया था। परिजन उपचार के लिए उन्हें फेलिक्स अस्पताल लेकर आए थे। उपचार के दौरान महाराणा प्रताप सिंह की मौत हो गई। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में संतोष कुमार की मौत हो गई पुलिस ने शो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**फांसी लगाकर युवक...**

लिए भिजवाए थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है इसके अलावा वजन भी ऋषभ द्वारा आत्महत्या किए जाने की कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं।

**देश में सुशासन के....**

अटल जी के कुशल नेतृत्व में आज भाजपा वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। अटल जी के सपनों व महत्वाकांक्षा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरातल पर उतारकर साकार किया है। हमें अटल जी के बताये पथ का अनुसरण करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर उन्होंने अटल जी के व्यक्तिव तथा कृतित्व पर सारगर्भित प्रकाश डाला। इससे पूर्व डॉ. महेश शर्मा तथा सभी पदाधिकारियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनन्द, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश शर्मा, क्षेत्रीय कमेटी के मंत्री विजेन्द्र नागर, राजीव त्यागी, गिरीश कोटनाला, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, जिला सचिव चमन अवाना, प्रमोद बहल, हरीश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष पंकज झा, प्रदीप चौहान, निर्मल सिंह समेत कई पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद थे।

**आजीवन कारावास की ...**

गाजियाबाद के जिला कारागार से स्थानांतरित कर लुक्सर जेल में भेजा गया था। 23 दिसंबर को दिलीप सिंह की अपनी बैरक में अचानक तबीयत खराब हो गई। उसकी हालत को देखकर उसे कारागार में स्थित चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया। दिलीप सिंह की गंभीर हालत की वजह से उसे कारागार की एंबुलेंस में जेल गार्ड की अभिरक्षा में जिम्स अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक द्वारा दिलीप सिंह की जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर खाना ईकोटेक पुलिस मौके पर पहुंची और सब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**'बिना लाइसेंस के...**

आबकारी विभाग से ऑकेजनल बार लाइसेंस (एफ0एल0-11) प्राप्त किए बिना मदिरा पान नहीं कराया जाये तथा उसके लिए नियम अनुसार ऑकेजनल बार का लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर तथा फीस जमा कर लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। यदि बिना ऑकेजनल बार लाइसेंस के मदिरा पान का प्रकरण पाया जाता है तो संबंधित होटल/मैरिज हॉल/क्लब मालिक के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल लायी जाएगी।

उन्होंने बताया कि अवैध शराब की बिक्री आदि की शिकायतों को तुरंत संज्ञान लेने के दृष्टिगत आबकारी विभाग द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जन सामान्य किसी भी समय हेल्पलाइन नंबर 14405 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित आबकारी विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नम्बर क्रमशः क्षेत्र - 1 आबकारी निरीक्षक 7906030462, क्षेत्र-2 आबकारी निरीक्षक 9336165670, क्षेत्र-3 आबकारी निरीक्षक 9454466425, क्षेत्र-4 आबकारी निरीक्षक 8800475601, क्षेत्र-5 आबकारी निरीक्षक 7905291843, क्षेत्र-6 आबकारी निरीक्षक 9454466428, क्षेत्र-7 आबकारी निरीक्षक 9454822976 पर संपर्क कर अवैध शराब की बिक्री व निर्माण संबंधी सूचना दे सकते हैं।

**तीन पत्नियों ने ठोंका...**

लगया वो 3 जुलाई 2024 का है। इसी महिला का एक और शादी का प्रमाण पत्र 2019 का है। जानकारी मिलते ही सोमवार को एक महिला अपने भतीजे के साथ नोएडा प्राधिकरण पहुंची। उसने शादी के दस्तावेज और डेथ सर्टिफकेट दिया। साथ ही बताया कि आईएएस अधिकारी से उनके एक बेटा और एक बेटी है। महिला का नाम अनीता मिश्रा है। उन्होंने बच्चों के आधार कार्ड और बर्थ सर्टिफिकेट तक प्राधिकरण में जमा कराए। इन दस्तावेजों को देखने के बाद प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने रिटायर पीसीएस की सभी संपत्तियों के ट्रांसफर पर रोक लगा दी। इस मामले रोचक मोड़ तब आया जब एक 45 साल की महिला ने प्राधिकरण में शिकायत दी कि वो रिटायर आईएएस की बेटी है। उनकी मां कुशीनगर में रहती है। वहीं आईएएस अधिकारी की असली पत्नी है। बीमारी के चलते वो यहां नहीं आ सकी। ऐसे में प्राधिकरण ने उनसे भी दस्तावेज मांगे है। इन तीनों के दावों में एक बात जो कॉमन है वो शादी के सर्टिफिकेट और डेथ सर्टिफिकेट। अधिकारी हैरान है कि इस तरह से जालसाजी करके कैसे डाक्यूमेंट तैयारी किए गए। एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण में तीन महिलाओं ने दस्तावेज जमा किए है। उनकी जांच अब शीर्ष अधिकारी कर रहे है। साथ ही मूल विभागों से इसकी जानकारी मांगी गई है। जांच करीब 10 दिनों में पूरी हो जाएगी। हसके बाद ही बताया जा सकेगा कि आईएएस की अधिकारिक पत्नी कौन सी है। तब तक कोई भी प्रॉपर्टी किसी के नाम ट्रांसफर नहीं की जाएगी।

**नक्शा के बिना हो...**

सहायक प्रबंधक ने प्लाटिंग करने वाले सत्यवीर, शहादत अली, धनी उर्फ धनीराम, गोविंद शर्मा, सुनील बंसल, हरिश्चंद्र अरोड़ा, शहादत खान, मोनू खान, निज़ाकत अली, मोहब्बत, दयाराम शर्मा, कृष्ण शर्मा, शिवराम शर्मा, अमित कुमार, अंकित, राजू, घूम सिंह व नावेद आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सहायक प्रबंधक की शिकायत पर थाना इकोटेक-3 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 की धारा तथा बीएनएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**कार खड़ी करने पर...**

आलोक दायमा व दो अन्य युवकों से हो गया। गौरव यादव उसके साथियों ने उसके भाई के साथ गाड़ी क्रॉस करते हुए लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट की। मारपीट में मोहित को गंभीर चोटे आई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर अपनी कार से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर वह तथा परिजन मौके पर पहुंचे और मोहित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना दादरी प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर दिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**प्रिंट रेट से अधिक...**

के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने थाना सूरजपुर में कस्बे में चल रही मॉडल शराब के सेल्समैन राहुल के खिलाफ भी अधिक पैसे वसूलने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सेल्समेन ने टीम द्वारा भेजे गए व्यक्ति से 10 रुपए अधिक वसूल लिए थे।

बता दें कि जनपद के ठेकों पर प्रिंट रेट से अधिक रुपए की वसूली ग्राहकों से की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से आबकारी विभाग हरकत में आया है और अधिक पैसे वसूलने पर कई शराब विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बावजूद भी सेल्समैन की मनमानी पर अंकुश नहीं लग रहा है।

**शराब की तस्करी...**

पूछताछ के दौरान अजय कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बस दिल्ली से दरभंगा बिहार के लिए चलती है। बस बदरपुर दिल्ली से सवारी लेकर दरभंगा जा रही थी। कालिंदी कुंज के पास एक युवती बस में बैठी। इस युवती ने दो व्यक्तियों की सीट वाला पूरा केबिन बुक कराया हुआ था। युवती ने केबिन में अपना सामान रखा हुआ था। संदेह के आधार पर जब युवती से सामान चेक करने को कहा गया तो उसने इंकार कर दिया।

महिला ने बताया कि वह पार्लर चलाती है और उससे संबंधित सामान लेकर जा रही है। लोगों की मौजूदगी में महिला का सामान चेक किया गया तो उसमें से चार बोतल ब्लेंडर प्राइड तथा 12 बोतल रॉयल स्टैग की बरामद हुई। महिला उप निरीक्षक व पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवती ने अपना नाम अंशु निवासी उत्तमनगर वेस्ट दिल्ली बताया। अंशु ने बताया कि बिहार में शराब बंदी है। इस कारण वह यहां से हरियाणा की शराब खरीद कर उसे बिहार ले जाकर बेचती है।

महिला होने के कारण उस पर कोई शक नहीं करता है। वह हफ्ते में एक चक्कर बिहार का लगती है। यहां से ली गई शराब बिहार में अधिक मूल्य पर बिकती है। इस कारण वह शराब की तस्करी में लिप्त है। पुलिस टीम ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# युवती पर लगाया हत्या करने का संदेह, मामला दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** बीते दिनों युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में मृतका की मां ने एक युवती पर हत्या करने का संदेह जताया है। पीड़िता ने थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से मोहल्ला आजादनगर जनपद शाहजहांपुर निवासी श्रीमती रमाकांता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा उदित चंदेल उर्फ मयंक सेक्टर-73 में धर्मपाल सिंह के मकान में रहता था। 13 दिसंबर को प्रीति सागर नामक युवती ने उन्हें फोन कर बताया कि उदित उर्फ मयंक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। इस मामले की जानकारी मिलने पर वह परिवार सहित नोएडा पहुंची तो उन्हें पता चला कि प्रीति सागर ने ही डॉयल-112 पर फोन कर पुलिस को इस मामले की जानकारी दी थी। श्रीमती रमाकांता ने अपने पुत्र की हत्या की आशंका जताते हुए प्रीति सागर पर शक जताया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

CALIPH EXIM PVT. LTD.
Concept to reality
•ARCHITECTURE•CONSTRUCTION
•INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001
startupindia
MSME
9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

पूर्वोत्तर रेलवे

ई—टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 73/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.**:— 1. **कार्य का विवरण**:— समइं/काशीपुर के कार्य क्षेत्र में समपार जोन के अंतर्गत समपार सड़क, गेट लॉज इत्यादि का रख—रखाव।, **अनुमानित लागत रूपयो में**:— रु. 84,03,521.76, **बयाना राशि रूपयो में**:— 1,68,100/—, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**:— शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि**:— 12 माह, **क्र. सं.**:— 2. **कार्य का विवरण**:— समइं/पीलीभीत के कार्य क्षेत्र में समपार जोन के अंतर्गत समपार सड़क, गेट लॉज इत्यादि का रख—रखाव।, **अनुमानित लागत रूपयो में**:— रु. 77,12,208.70, **बयाना राशि रूपयो में**:— 1,54,300/—, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**:— शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि**:— 12 माह, **1.** ई निविदा दिनांक 15.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** ई—निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि/डब्लू—341 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक
रामपाल सिंह रघुवंशी
ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9,
सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर
(यू पी.) से छपवाकर,
ए-131 सेक्टर-83,
नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### कैलिफोर्निया में सुनील यादव की हत्या

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में ड्रग माफिया सुनील यादव उर्फ गोली की हत्या कर दी गई। इस शूटआउट की जिम्मेदारी गोल्डी बरार गैंग ने ली है। सुनील का धंधा दुबई से लेकर अमेरिका तक फैला हुआ था। ड्रग्स की तस्करी का उसे बड़ा खिलाड़ी माना जाता था। वह पाकिस्तान से ड्रस की सप्लाई करता था। 2 साल पहले ही वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए पाकिस्तान भाग गया था। वह पंजाब के अबोहर फाजिल्का का रहने वाला था। पहले वह भी लॉरेंस गैंग में शामिल रह चुका है। हालांकि इसके बाद उसने इस गैंग का साथ छोड़ दिया। सुनील यादव की हत्या की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने ली है। जब सबको पता चला की अंकित भादू भाई के एनकाउंटर मैं इनका हाथ हैं तो यह मौत के डर से पुलिस की मदद से अमेरिका भाग गए और वहां पर जाकर हमारे भाइयों की मुखबिरी करने लग गया और यह लोगों को यह बोलते थे की ग्रुप हमारा क्या बिगाड़ेगा हम तो खुद इंटेलिजेंस पुलिस में भर्ती हैं। यह हमारे ग्रुप का हिस्सा बता के हमारे भाइयों की पुलिस को मुखबरी करता था। यह हमारी चेतावनी है कि हमारे जितने भी दुश्मन हैं तैयार रहें वर्ल्ड के किसी भी कोने मैं चले जाओ सब के पास पहुंच जाएंगे।

### बस और ट्रक की भिड़ंत, 10 यात्री घायल

जयपुर । जयपुर-अजमेर हाईवे पर सोमवार शाम को एक लो-फ्लोर बस और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बस में सफर कर रहे करीब 10 यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के मुख्य कारण के तौर पुलिस ने ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही का दावा किया है। ट्रक ने इतनी तीव्रता से बस को मारा कि बस के शीशे टूट गए और ट्रक को भी भारी नुकसान हुआ। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर तुरंत कार्रवाई की और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जल्दी से घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया और इन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस और ट्रक को हटाकर यातायात को सामान्य किया। इस हादसे के बाद पुलिस ने वाहन चालकों से कहा है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से बचें।

### बैंक लॉकर काटने वाला एक और बदमाश ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में मंगलवार को भोर होते ही एक और एनकाउंटर हुआ है। यहां पुलिस ने चिनहट में इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर काटने वाले एक और बदमाश को ढेर का दिया है। बदमाश सन्नी दयाल गाजीपुर जिले में मंगलवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ में मारा गया। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इस गिरोह का एक साथी सोविंद पांच घंटे पहले लखनऊ पुलिस के साथ मुठभेड़ में ढेर हुआ था। सोमवार को ही लखनऊ में गिरोह का एक साथी सुबह मुठभेड़ में घायल हुआ था और दो अन्य साथी पकड़े जा चुके थे। अब इस घटना में शामिल तीन और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# रुक-रुक कर बर्फबारी, तीन एनएच सहित 174 सड़कों पर यातायात बंद

### 683 ट्रांसफार्मर ठप

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बर्फबारी जारी है। शिमला के कुफरी, नारकण्डा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति सहित अन्य अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। इस बर्फबारी ने कई जिलों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कई जिलों की सड़कें बर्फबारी से अवरुद्ध हो गई हैं। बर्फबारी से सैंकड़ों ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। जिसके कारण कई उपमण्डलों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है, लेकिन बर्फबारी और ठंड की वजह से कार्यों में देरी हो रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के चलते तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 174 सड़कें पूरी तरह से बंद हो गई हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 89 सड़कों पर यातायात बाधित है। इनमें जिला के ऊपरी इलाकों की सड़कें शामिल हैं। किन्नौर में 44, मंडी में 25, कांगड़ा में छह, कुल्लू में चार लाहौल स्पीति में दो और चम्बा में एक सड़क बंद है। कुल्लू में दो और लाहौल-स्पीति में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग बर्फबारी से बंद है। ऊना जिला में हुई वर्षा से तीन सड़कों पर आवाजाही ठप है।शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में जारी बर्फबारी के कारण कई प्रमुख सड़कें सोमवार से वाहनों के लिए अवरुद्ध हो गई हैं। इन सड़कों पर बर्फ और फिसलन के कारण यात्रा करना खतरनाक हो सकता है। पुलिस प्रशासन ने इन मार्गों पर यात्रा से बचने की सलाह दी है।

# शाह के आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के विरोध में प्रदर्शन

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह के एक बयान पर पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। आंबेडकर को लेकर दिए गए शाह के बयान से खफा लोग अब धरने प्रदर्शन कर रहे हैं और शाह से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस आज ओडिशा के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रही है। कोरापुट के सांसद सप्तगिरि शंकर उलाका ने यहां कांग्रेस भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह की टिप्पणी को दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों का अपमान करार दिया। शाह 17 दिसंबर को संसद के ऊपरी सदन में आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर हैं।

शाह ने कहा था, अभी एक फैशन हो गया है - आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। उलाका ने कहा, आंबेडकर दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के लिए एक भगवान की तरह हैं। आंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं के बिना मेरे जैसा आदिवासी व्यक्ति संसद में कोरापुट का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाता। संसद परिसर में भाजपा के दो सांसदों पर कथित शारीरिक हमले पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा, जब हमारे सांसद संसद में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, तो भाजपा पार्टी के सांसदों ने मल्लिकार्जुन खरगे को धक्का दिया और प्रियंका गांधी पर हमला करने की कोशिश की।

# राजौरी में फैली रहस्यमय बीमारी से अब तक नौ की मौत

### विशेषज्ञों की टीमें कर रही जांच

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बददल गांव में रहस्यमय बीमारी से अब तक नौ लोगों की जान जा चुकी है। इसको देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के विशेषज्ञों की टीमें राजौरी पहुंची और हालात का जायजा लिया। भोजन और पानी के सेम्पल लिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी तक किसी तरह का निष्कर्ष नहीं निकाल सका है। इस जांच के बाद एक और मौत हो गई। सोमवार को जिस महिला की मौत हुई, उसकी पहचान राजिम अख्तर के रूप में हुई है, वह पहले ही अपने तीन नाबालिग बच्चों को इस बीमारी से खो चुकी है। इस गांव में सामने आ रहे इन मामलों से आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। ताजा मामला एक महिला की मौत से जुड़ा है, जिसके तीन बच्चे पहले ही इस बीमारी के चलते काल के गाल में समा चुके हैं। जब यह मामले सामने आने लगे तो काफी गहन जांच भी की गई, लेकिन अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। सूत्रों के मुताबिक महिला 12 दिसंबर को अपने बच्चों को लेकर राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज गई थीं, लेकिन 19 दिसंबर को उनकी मौत हो गई और वह घर लौट आई थी। सोमवार को उस महिला की तबीयत भी बिगड़ी और उसे जीएमसी राजौरी लाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। पिछले एक पखवाड़े में रहस्यमय बीमारी के कारण यह नौवीं मौत है। इनमें एक परिवार के सात और दूसरे परिवार के दो लोग शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इटू और जल शक्ति मंत्री जावेद राणा ने राजौरी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा करने के लिए क्षेत्र का दौरा किया है और अधिकारियों को निर्देश दिए।

### चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चावल चोरी के शक में एक दलित शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के आरोप में एक आदिवासी शख्स समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दावा किया जा रहा है कि यह मॉब लींचिंग है। वहीं पुलिस ने कहा कि यह क्राइम की परिभाषा में नहीं आता है। घटना डुमरपल्ली गांव में रात करीब 2 बजे के आसपास हुई। हत्या का मुख्य आरोपी वीरेंद्र सिदार है। उसने कहा किसी आवाज की वजह से उसकी नींद खुल गई और जब वह जागा तो उसने पीड़ित पंचराम सारथी उर्फ बुटू को अपने घर में घुसते और चावल की बोरी को चुराते देखा। इसे देखकर उसे गुस्सा आया और उसने अपने पड़ोसियों को आवाज लगाई।

# आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी में कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी है। सूत्रों ने बताया कि उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही 28 और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। कांग्रेस ने माह के शुरूआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस सूची में कांग्रेस ने बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मैदान में उतारा है। पूर्व लोकसभा सदस्य और तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे, संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से मैदान में उतारा गया है, उनका सामना आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से होगा हैं। कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज और राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक को वजीरपुर से उतारा है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री को द्वारका से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों आप छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक अब्दुल रहमान को उनके वर्तमान क्षेत्र सीलमपुर से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

# कूनो नेशनल पार्क का चीता शहर के करीब पहुंचा, लोगों में दहशत

एजेंसी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर 90 किलोमीटर दूर श्योपुर शहर के पास पहुंचे चीते की वजह से लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। चीता की लोकेशन को ढेंगदा गांव और शहर के बीच ही मिली है और यहां वह अब भी मौजूद है। कूनो नेशनल पार्क के अफसरों की उम्मीद थी कि चीता जंगल की ओर लौट जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एक राहगीर के मोबाइल फोन के कैमरे में चीता की चहलकदमी कैद हो गई है। चीता की आमद के बाद क्षेत्र में दहशत है और वन अमले ने चीते का शिकार करने की भी व्यवस्था की है। कूनो नेशनल पार्क के अफसरों की तरफ से चीतों की सुरक्षा और मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चीते जहां भी हों, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित है, ऐसा कहा जा रहा है। सीसीएफ और कूनो नेशनल पार्क के अधिकारी ने अभी तक कुछ कहने से बचते रहे हैं, जबकि चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर ने कहा कि चीतों की लोकेशन शेयर नहीं की जाती है। स्थानीय लोग चीते की चहलकदमी को वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं।

### ट्रम्प ने कृष्णन को बनाया एडवाइजर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल के बिजनेसमैन और वेंचर कैपिटलिस्ट श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्हाइट हाउस का सीनियर पॉलिसी एडवाइजर नियुक्त किया है। ट्रम्प ने इस नियुक्ति को लेकर एक्स पर लिखा कि डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए श्रीराम कृष्णन एआई में अमेरिका को आगे बढ़ाने पर फोकस करेंगे। इसके साथ ही वो साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रपति की एडवाइजरी कार्उंसिल के साथ काम करते हुए सरकार की एआई पॉलिसी मेकिंग में मदद करेंगे।

# जम्मू और कश्मीर में भारतीय रेलवे चलाएगी सेंट्रली हीटेड स्लीपर ट्रेन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे दो नई ट्रेनें शुरू कर जम्मू और कश्मीर में यात्रा को बदलने जा रहा है। एक सेंट्रली हीटेड स्लीपर ट्रेन और एक विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द ही परिचालन शुरू करने की उम्मीद है, इससे यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और आराम में सुधार होगा। नई दिल्ली और श्रीनगर को जोड़ने के लिए एक सेंट्रली हीटेड स्लीपर ट्रेन की योजना तैयार है। इस ट्रेन की यात्रा का समय राजसी पहाड़ों पर 13 घंटे और शानदार चेनाब ब्रिज को पार करना, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई 359 मीटर है। इतना ही नहीं यह ट्रेन यात्रियों को उच्च-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगी, लेकिन इसमें द्वितीय श्रेणी के स्लीपर कोच शामिल नहीं है। 246 किलोमीटर लंबे कटरा-बारामुल्ला मार्ग के लिए, भारतीय रेलवे चेयर कार सीटिंग के साथ आठ कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करेगी।

ठंड से बचाने के लिए सिलिकॉन हीटिंग पैड का उपयोग होगा। विशेष रूप से डिजाइन किए गए नलिकाओं के माध्यम से गर्म हवा के साथ शौचालय। वहीं लोको पायलट की विंडशील्ड उप-शून्य तापमान पर ठंड से बचाने के लिए हीटिंग तत्वों से सुसज्जित है। ट्रेन केवल साढ़े तीन घंटे में यात्रा पूरी करेगी, जो वर्तमान 10 घंटे की बस यात्रा की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है। श्रीनगर से 57 किमी दूर बारामुल्ला रेलवे स्टेशन को इस नई सेवा का लाभ मिलेगा।माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रवेश द्वार के रूप में एक प्रमुख तीर्थस्थल कटरा में पहले से ही नई दिल्ली के लिए 16 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा है। कटरा-बारामुल्ला मार्ग पर नई वंदे भारत यात्रियों के लिए निर्बाध संपर्क की अनुमति देगी। यात्री नई दिल्ली से कटरा तक मौजूदा वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर सकते हैं और श्रीनगर या बारामुल्ला पहुँचने के लिए नई ट्रेन में स्थानान्तरित हो सकते हैं।

# बांग्लादेश में छा सकता है अंधेरा

### 200 करोड़ का बिल वसूलेगी त्रिपुरा सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश को बिजली आपूर्ति रोकने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के माध्यम से त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड पड़ोसी देश को 60-70 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। इसके लिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौता किया गया है। साहा ने एक इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश ने हमें बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। बकाया राशि हर दिन बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि वे अपना बकाया चुका देंगे, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो। यह पूछने पर कि अगर बांग्लादेश बकाया भुगतान करने में विफल रहता है तो क्या त्रिपुरा सरकार बिजली की आपूर्ति रोक देगी, मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में बिजली उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए कई मशीनरी बांग्लादेशी क्षेत्र या चटगांव बंदरगाह के माध्यम से लाई गई थी। ऐसे में कृतज्ञता के कारण त्रिपुरा सरकार ने एक समझौते के बाद देश को बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी थी। सीएम साहा ने कहा कि लेकिन, मुझे नहीं पता कि अगर वे बकाया राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो हम बांग्लादेश को कब तक बिजली की आपूर्ति जारी रख पाएंगे। त्रिपुरा ने मार्च 2016 में बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति शुरू की थी। बिजली का उत्पादन दक्षिणी त्रिपुरा के पलाटाना में सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी के गैस आधारित 726 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाले बिजली संयंत्र में किया जाता है।

### सिंगर शान की बिल्डिंग में लगी आग, फंस हुए परेशान

**मुंबई।** बॉलीवुड सिंगर शान मुंबई की जिस फॉर्च्यून एन्क्लेव बिलड़िंग में रहते हैं, उसमें आग लग गई है। ये खबर सुनने के बाद उनके फैंस भी चिंता में आ गए। बताया जा रहा है कि ये घटना मंगलवार सुबह की है, जब बिलड़िंग से धुंआ उठने लगा, तो आसपास के लोगों को इसके बारे में पता चला और भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद मौके पर ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सिंगर शान और उनका परिवार भी सेफ है। आग लगने की ये घटना मुंबई के बांद्रा पश्चिम में फॉर्च्यून एन्क्लेव की है। इसकी 7 वीं मंजिल में आग लगी थी।

# दाऊद इब्राहिम के भाई पर ईडी का ऐक्शन, फ्लैट जब्त

एजेंसी

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर और उसके साथियों पर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा ऐक्शन लेते हुए शिकंजा कस दिया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में कासकर के ठाणे स्थित फ्लैट जब्त कर लिया है। कावेसर के नियोपोलिस टॉवर में स्थित यह फ्लैट मार्च 2022 से ही अस्थायी कुर्की के तहत था। ईडी का यह ऐक्शन ठाणे पुलिस के जबरन वसूली निरोधक प्रकोष्ठ द्वारा 2017 में दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। ईडी की जांच में पता चला है कि कासकर और उसके साथियों, जिनमें मुमताज शेख और इसरार सईद शामिल हैं, ने दाऊद इब्राहिम से अपनी निकटता और रसूख का फायदा उठाते हुए एक रियल एस्टेट डेवलपर से जबरन संपत्ति और नकदी की उगाही की थी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फ्लैट की कीमत करीब 75 लाख रुपये बताई जा रही है, जो शेख के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरोप है कि कासकर और उसके साथियों ने कथित तौर पर बिल्डर सुरेश मेहता और उनकी फर्म दर्शन एंटरप्राइजेज को निशाना बनाकर जबरन वसूली के तहत इसे हासिल किया था। कथित तौर पर आरोपियों ने 10 लाख रुपये के फर्जी चेक के जरिए फ्लैट लिए थे और बाद में पैसे वापस ले लिए थे।ईडी ने जांच में पाया कि ये वित्तीय लेन-देन जबरन उगाही गई राशि को छिपाने के लिए किए थे। फरवरी 2022 में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मुंबई और देश के अलग-अलग हिस्सों में दाऊद इब्राहिम के गैंग के संचालन के बारे में कासकर से पूछताछ की थी। तब कासकर, शेख और सईद के आवासों की तलाशी ली गई थी।

# आईआईटी खड़गपुर में वार्षिक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

Spring FEST
IIT KHARAGPUR

**खड़गपुर ।** स्प्रिंग फेस्ट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर का वार्षिक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है। स्प्रिंग फेस्ट पूरी तरह से छात्रों द्वारा आयोजित एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सवों में से एक है, जिसकी ऑनलाइन पहुंच 2 मिलियन से अधिक है। भारत के 800 से अधिक प्रमुख कॉलेजों के उत्साही प्रतिभागी इस 3-दिवसीय मस्ती और उत्साह के उत्सव के लिए खड़गपुर आते हैं। स्प्रिंग फेस्ट 2025 ने 24-26 जनवरी 2025 को अपने 66वें संस्करण का जश्न मनाया। स्प्रिंग फेस्ट ने अपने विविध कलात्मक कार्यक्रमों जैसे नृत्य, नाटक, संगीत, फैशन आदि के लिए हिचहाइक नामक देशव्यापी प्रारंभिक दौर का सफल आयोजन किया। यह रोमांचक आयोजन दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, लखनऊ, जयपुर और चंडीगढ़ जैसे 10 जीवंत भारतीय शहरों में हुआ। स्प्रिंग फेस्ट सभी जजों के उनके बहुमूल्य समय के लिए दिल से आभार व्यक्त करता है। प्रतिभागियों और समर्पित आयोजन टीम के उत्साह से भरा माहौल दर्शकों के लिए भी आनंददायक और उत्साहपूर्ण था।

प्रारंभिक दौर के भव्य आयोजन के बाद, स्प्रिंग फेस्ट अब कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, गुवाहाटी और रायपुर जैसे 6 अन्य शहरों में नृत्य, नाटक, संगीत, फैशन और साहित्यिक कार्यक्रमों के एलिमिनेशन राउंड की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी इच्छुक छात्र और सांस्कृतिक अकादमियां इन एलिमिनेशन में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए eliminations.springfest.in पर जाएं और अपने पसंदीदा कार्यक्रम के लिए जल्दी पंजीकरण कराएं।

बैटल ऑफ बैंड्स, एक प्रमुख रॉक बैंड प्रतियोगिता वाइल्डफायर, जल्द ही मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता और शिलांग जैसे 5 प्रमुख शहरों में 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ अपना जादू बिखेरने आ रहा है। सभी बैंड जो अपनी प्रतिभा दिखाना चाहते हैं और स्प्रिंग फेस्ट के इतिहास में नाम दर्ज कराना चाहते हैं, UZ wildfire.springfest.in पर पंजीकरण कर सकते हैं। स्प्रिंग फेस्ट 13 विभिन्न विधाओं में फैले 130 से अधिक कार्यक्रमों की मेजबानी करता है, जहां भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं करीब 35 लाख रुपये की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। इस साल भी, आपकी इंद्रियों को प्रेरित करने और आपकी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए कई नए कार्यक्रम पेश किए गए हैं। ये कार्यक्रम प्रतिभागियों को जीवन भर के अनुभव का आनंद लेने का एक मंच प्रदान करते हैं। हर साल, स्प्रिंग फेस्ट एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल भी करता है। पिछले साल, इसने ₹प्रबल - फाइटिंग स्ट्रॉन्गर, वन सेल एट ए टाइम₹ नामक पहल शुरू की, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना था। स्टार नाइट्स हमेशा से स्प्रिंग फेस्ट के आकर्षण का अभिन्न हिस्सा रही हैं। पिछले वर्षों में, शान, सुनिधि चौहान, विशाल-शेखर, किंग, न्यूक्लिया, फरहान अख्तर, अमित त्रिवेदी, शंकर-एहसान-लॉय, सलीम-सुलेमान, केके, प्रतीक कुहाड़, निखिल डिसूजा, रघु दीक्षित प्रोजेक्ट, अग्नि, इंडियन ओशन, पाइनएप्पल एक्सप्रेस, परिक्रमा, यूफोरिया, पेंटाग्राम, द लोकल ट्रेन जैसे भारतीय कलाकारों और डेड बाय अप्रैल, मोन्युमेंट्स, टेसेरैक्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों ने अद्भुत प्रस्तुतियां दी हैं। इतिहास और समृद्ध संस्कृति से भरा हुआ स्प्रिंग फेस्ट एक भव्य उत्सव होने का वादा करता है। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप मिस नहीं करना चाहेंगे। अधिक जानकारी के लिए, स्प्रिंग फेस्ट, आईआईटी खड़गपुर के फेसबुक पेज पर जाएं या हमारी वेबसाइट www.springfest.in पर लॉग ऑन करें।

## खास खबर

### मनु भाकर को खेल रत्न मिलना तय

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर को खेल रत्न मिलना तय है। इससे पहले खेल पुरस्कारों के लिए भेजी गयी सूची में मनु का नाम नहीं होने पर सभी हैरान थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मनु का नाम खेल रत्न के लिए नहीं भेजा था पर इसको लेकर उठे सवालों के बाद अब निशानेबाजी एसोसिएशन स्वयं नामांकन के लिए खेल मंत्रालय के पास पहुंचा है। वहीं खेल मंत्रालय भी मनु को नामांकित करने की तैयार कर रहा है। नियमों के अनुसार खिलाड़ी स्वयं भी पुरस्कार के लिए अपना नाम भेज सकता है। इसके अलावा मंत्रालय के पास भी ऐसे 2 नाम भेजने के अधिकार होते हैं। पुरस्कारों को लेकर खेल मंत्री एक या दो दिन में फैसला लेंगे। अंतिम सूची में मनु का नाम होना तय है। वहीं इससे पहले मनु के पिता ने कहा कि वे अपनी ओर से नाम नहीं भेजेंगे और अगर खेल मंत्रालय को पुरस्कार देना है तो दे। मनु के पिता ने कहा कि जिस प्रकार सभी उपलब्धियां होने के बाद भी मनु की उपेक्षा हुई है उससे वे निराश हैं।

### अमानत खान बने मप्र एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष

**इन्दौर ।** मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ की सम्पन्न वार्षिक साधारण सभा और चुनावी बैठक में आगामी चार वर्षों हेतु कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का चुनाव किया गया । नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष अमानत खान, उपाध्यक्ष मुमताज खान, अजीत कनौजिया, शमशेर सिंह, सतेंद्र कुमार, अनिल श्रीवास्तव, लालता प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र सिंह बने। सचिव ए. मुरलीधर व कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल चुने गए। संयुक्त सचिव महेंद्र विश्वकर्मा, नितिन, राधेगोपाल यादव, अब्दुल हैं। कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र वर्मा, संजय शर्मा, मनोज सिंह, संगीता भदौरिया, नरेंद्र तोमर, अमित गौतम, बादल राम, मोइन खान, गोविंद चिंतामन व सुमन सिंह चुने गए।

### निशानेबाजों ने साधा स्वर्ण पर निशाना

**इन्दौर।** 67 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के निशानेबाजों ने दो स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल पांच पदक जीते। मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप के 50 मीटर राइफल (डेफ) पुरुष स्पर्धा में मप्र के कुशाग्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में मप्र की जूनियर पुरुष टीम (आइएसएसएफ) ने भी स्वर्ण पर निशाना साधा। टीम में समिउल्ला खान, शिवेंद्र सिंह व सचिन खांडारे शामिल थे। 50 मीटर राइफल प्रोन सीनियर पुरुष टीम (आइएसएसएफ) में मप्र के दल ने रजत पदक जीता। इस टीम में ऐश्वर्य प्रताप, गोल्डी गुर्जर, रमन शेखर दुबे शामिल थे। 50 मीटर राइफल प्रोन सीनियर पुरुष टीम (सिविलियन) ने रजत पदक जीता। टीम में रमन शेखर दुबे, शिवेंद्र सिंह व समिउल्ला खान शामिल थे। 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर पुरुष टीम (सिविलियन) में भी मध्य प्रदेश ने रजत पदक जीता। टीम में समिउल्ला खान, शिवेंद्र सिंह व निखिल पुंडीर शामिल थे।

# आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीम घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने आगामी आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। निकी प्रसाद को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि सानिका चालके उपकप्तान होंगी। यह टूनार्मेंट 18 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी, 2025 तक मलेशिया में खेला जाएगा। निकी की कप्तानी में भारत ने बांग्लादेश हराकर अभी हाल ही समाप्त हुए अंडर-19 महिला एशिया कप का खिताब जीता था। अंडर-19 विश्व कप में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 4 समूह में बांटा गया है, प्रत्येक समूह में 4 टीमें शामिल हैं। भारत, जो गत चैंपियन है, को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है। कुआलालंपुर का बायुमास ओवल भारतीय टीम के ग्रुप स्टेज मैचों की मेजबानी करेगा। भारतीय टीम अपना अभियान 19 जनवरी, 2025 को वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरू करेगी। ग्रुप स्टेज मुकाबलों के समापन के बाद, प्रत्येक ग्रुप से तीन टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करने वाली 12 टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप 1 में ग्रुप ए और ग्रुप डी से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी जबकि ग्रुप 2 में ग्रुप बी और ग्रुप सी से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी। सुपर सिक्स चरण में प्रत्येक टीम अपनी जीत, अंक और नेट रन-रेट को आगे बढ़ाएगी जो कि उनकी साथी सुपर सिक्स क्वालीफाइंग टीमों के खिलाफ सुरक्षित है।

KAMALINI
20

### भारतीय अंडर-19 महिला टीम

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। स्टैंडबाय खिलाड़ी : नन्दना एस, इरा जे, अनादि टी।

## हैरी ब्रूक होंगे विश्व क्रिकेट के अगले सितारे : दिनेश कार्तिक

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे दिनेश कार्तिक ने कहा है कि विश्व क्रिकेट के अगले सितारे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल नहीं बल्कि इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक होंगे। हैरी ने पदार्पण के बाद से ही कई अच्छी पारियां खेली हैं। कार्तिक के अनुसार जिस तरह से हैरी खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वो विश्व क्रिंकेट में काफी आगे जा सकते हैं। इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा , मेरे लिए, ब्रूक युवा पीढ़ी के सबसे खास खिलाड़ियों में से एक हैं, और निश्चित रूप से, जब वह अपना टेस्ट करियर खत्म करेंगे, तो उसे ऐसे खिलाड़ी के रूप में जाना जाएगा जिसने शानदार प्रदर्शन किया है और उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की श्रेणी में आते हैं.

उसके पास एक बेहतरीन फ्री-फ्लोइंग बल्लेबाजी तकनीक है। कार्तिक ने साथ ही कहा, सबसे अहम बात, उसके पास एक ऐसा दिमाग है जो उसे बहुत सरल बनाये रखता है। इसलिए, वह बिना किसी संदेह के शीर्ष स्तर पर जा सकते हैं। ब्रूक ने डेब्यू के बाद से ही अब तक 24 टेस्ट मैचों में 2281 रन बनाये हैं। लाल गेंद प्रारुप में ब्रूक ने अपनी बल्लेबाजी से विश्व क्रिकेट को चौंकाया है। यही कारण है कि कार्तिक के अलावा कई पूर्व दिग्गज भी भविष्य का सितारा मानते हैं. ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 8 शतक और 10 अर्धशतक लगाये हैं।

## नए साल में खेली जाएगी एसए-20 क्रिकेट लीग

एजेंसी

**जोहांसबर्ग।** अफ्रीकी क्रिकेट लीग एसए-20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था पर इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे। वह इस लीग में इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि एसए20 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की राह पर है। स्मिथ एसए20 लीग के आयुक्त हैं और उनका लीग को इस स्तर तक आने में विशेष योगदान रहा है। स्मिथ ने कहा, यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं पर सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूनार्मेंट है जिसने क्रिकेट को बदल कर रख दियाह्लह्ल उन्होंने कहा,ह्यह्यहम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया है। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। कार्तिक इस टूनार्मेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह लीग के भारत के दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरूआत में सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद एसए20 सबसे अच्छी प्रतियोगिता थी जिसमें वह भाग ले सकते थे। कार्तिक ने कहा,जब मैंने आईपीएल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की तो तब भी मैं क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता था। मैं सोच रहा था कि मेरे लिए क्या विकल्प है और इसका पता कैसे करना है क्योंकि मैं कभी किसी अन्य लीग का हिस्सा नहीं रहा।

## सीरीज में काफी प्रभावी रहे हैं स्टार्क : पुजारा

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि इस सीरीज में अब तक बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने काफी अच्छी गेंदबाजी की है। पुजारा ने कहा कि अब तक इस सीरीज में स्टार्क ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। साथ ही कहा कि पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन में काफी सुधार आया है। उनमें काफी क्षमताएं हैं। जब उनके खिलाफ 2018 या 2021 में पिछली सीरीज में हम खेले थे, तो मुझे लगता था कि मैं रन बना लूंगा पर अब, जब वह इस सीरीज में खेल रहे हैं, तो ऐसा लगता है कि वह विकेट निकाल लेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में इस तेज गेंदबाज ने अपनी लाइन लेंथ और सटीकता बढ़ाई है। उन्होंने कहा, तो अंतर क्या है? अंतर यह है कि उनकी लाइन लेंथ, उनकी सटीकता बहुत बेहतर हो गयी है। वह बहुत कम ढीली गेंदें फेंक रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को अवसर नहीं मिल रहा। वह स्टंप पर गेंद फेंक रहे हैं। हर गेंद अच्छी लेंथ स्पॉट पर आ रही है। जिससे उन्हें काफी स्विंग मिल रही है। उन्होंने अपने खेल में जो बदलाव लाया है, उसने उन्हें एक अलग खिलाड़ी बना दिया है। अब वह पैट कमिंस और जोस हेजलवुड से ज्यादा खतरनाक गेंदबाज नजर आ रहे हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा कि स्टार्क पारी आगे बढ़ने पर थक जाते हैं जिससे निचले क्रम के बल्लेबाजों के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान होता है। उन्होंने कहा, इसलिए पहले 5 ओवरों में उनके पहले स्पैल में, उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

## कोंस्टास एमजीसी में डब्यू करेंगे : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

एजेंसी

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार से भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले चौथ क्रिकेट टेस्ट मैच में बदलावों के साथ उतरेगी। 19 साल के युवा सैम कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह पर शामिल किया गया है। मैकस्वीनी को पहले दिन मैचों में शामिल किया गया था पर वह रन बनाने में असफल रहे। इसके बाद ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने उन्हें हटाकर कोंस्टास को अवसर देने का फैसला किया। कोंस्टास का मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू करना तय माना जा रहा है। सीए के अनुसार कोंस्टास एमसीजी में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। कोंस्टास बॉक्सिंग डे पर 468वें ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि कोंस्टास अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे। इसी के साथ ही 19 वर्षीय कोंस्टास 2011 में पैट कमिंस के बाद बैगी ग्रीन में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे। मैकडोनाल्ड ने ये भी कहा कि गाबा में तीसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था पर उनके मैच तक फिट होने की उम्मीदें हैं।

इसके अलावा जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया जाएगा।

### हेड की मांसपेशिया में आया खिंचाव

**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड के चोटिल होने से करारा झटका लगा है। दोनो टीमों के बीच 26 दिसंबर से ये टेस्ट खेला जाएगा। अब देखना है कि हेड इस मैच से पहले फिट होते या नहीं। हेड को अपनी चोट के कारण फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा हालांकि कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को विश्वास है कि ये प्रमुख बल्लेबाज मैच के लिए फिट हो जाएगा। टीम अंतिम ग्यारह पर फैसला बुधवार को करेगी। ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय हेड को मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। इस कारण वह बाद में क्षेत्ररक्षण के लिए भी नहीं उतरे थे।

## शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे : बीसीसीआई

एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरे से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं भेजा जाएगा। पहले ये माना जा रहा था कि चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए शमी को भेजा जा सकता है। शमी को फिटनेस साबित करने घरेलू क्रिकेट में अवसर दिया गया था पर वह इसमें नाकाम रहे। शमी पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही टीम से बाहर हैं। विश्वकप के दौरान उनके घुटने में चोट लग गयी थी जिसकी सर्जरी भी की गयी पर वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाये हाल में घरेलू क्रिकेट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गयी थी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने भी सीरीज के दौरान कहा था कि शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उनका चयन संभव नहीं है। रोहित ने कहा था कि हम अनफिट शमी को दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठा सकते। वहीं बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने कहा है कि शमी पूरी तरह ठीक हो गए है।. उनका सर्जरी के बाद रिहैब भी पूरा हो गया है।शमी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेलते हुए मध्यप्रदेश के खिलाफ एक मैच में 43 ओवर गेंदबाजी की थी।

BOARD OF CONTROL FOR CRICKET IN INDIA
BENGAL

शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के भी सभी 9 मैच खेले। इसके अलावा उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी को लेकर अतिरिक्त गेंदबाजी सत्र में भी भाग लिया। इस दौरान दबाव पड़ने से उनके बाएं घुटने में सूजन आ गयी। इसको लेकर मेडिकल टीम ने बताया कि शमी ने काफी लंबे समय बाद गेंदबाजी की है। ऐसे में सूजन आना स्वभाविक है। मेडिकल टीम ने जांच में पाया है कि शमी को पहले जैसी गेंदबाजी करने की लय और क्षमता हासिल करने में समय लगेगा। इसी कारण उन्हें अभी टीम में शामिल न करते हुए आराम दिया गया है।

## अश्विन की जगह लेंगे तनुष कोटियन

एजेंसी

**मेजबर्न ।** भारतीय टीम गुरुवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वोले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में एक बड़े बदलाव के साथ उतरेगी। इस मैच में ऑफ स्पिन ऑलराउंडर तनुष कोटियन को आर अश्विन की जगह पर शामिल किया गया है। पहले कहा जा रहा था कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे पर बाद में तनुष को भेजने की बात सामने आयी। इससे पहले बीसीसी की मेडिकल टीम ने साफ कर दिया था कि शमी चोटिल हैं और वो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे। इसी के साथ बीसीसीआई ने तनुष कोटियन के टीम में शामिल करने की भी पुष्टि कर दी। अश्विन की तरह ही तनुष भी गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। तनुष कोटियन मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंन भारतीय अंडर 19 टीम से भी खेला है। भारत-ए के हाला के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह टीम का हिस्सा थे। इस क्रिकेटर ने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए एक मुकाबला भी खेला था हालांकि आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा था। कोटियन ने 2018-19 के रणजी सत्र के जरिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 33 फर्स्ट क्लास मैचों में 25.70 के औसत से 101 विकेट हासिल किए हैं. इस दौरान उन्होंने 3 मौकों पर पारी में 5 विकेट लिए बल्लेबाजी की बात करें तो तनुष ने 41.21 के औसत से 1525 रन बनाए हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कोटियन ने 2 शतक और 13 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 20 लिस्ट-ए और 33 टी20 मुकाबले भी खेले हैं। लिस्ट-ए मैचों में कोटियन के नाम पर 43.60 की औसत से 20 विकेट दर्ज हैं. वहीं टी20 मैचों में उन्होंने 20.03 के एवरेज से 33 विकेट लिए हैं।

## बुमराह का सामना करने तैयार हूं : कोंस्टास

एजेंसी

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास भारतीय टीम के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हैं। कोंस्टास ने कहा है कि उन्होंने भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए रणनीति बना ली है। कोंस्टास को चौथे और पांचवे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया है। अब 19 वर्षीय ये बल्लेबाज बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह का सामना करेगा। उसको लेकर कोंस्टास ने कहा, ह्यमैंने बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली है पर में अभी उसके बारे में नहीं बताउंगा। मैं गेंदबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास करूंगा। कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। मैकस्वीनी सीरीज के तीनो मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल पाये थे। उन्हें चार बार बुमराह ने अपना शिकार बनाया था। बुमराह उन दो अभ्यास मैच में नहीं खेले थे जिनमें कोंस्टास ने रन बनाए थे। इस युवा ने कहा, सभी अच्छे गेंदबाज हैं। वह सभी विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और मैं उनकी चुनौती का सामना करने के लिए उत्सुक हूं।

कोंस्टास के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के दौरान उनका पूरा परिवार मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यमेरे माता-पिता के आने से यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया है। मेरी योजना बेहद सरल है, अपने पर भरोसा रखना और खेल का पूरा आनंद लेना। कोंस्टास ने अपने परिवार के बारे में कहा, ह्यमेरे लिए यह विशेष एहसास है क्योंकि मेरे माता-पिता ने मुझे क्रिकेट में आगे बढ़ने और मुझे उतार-चढ़ाव से गुजरने के लिए काफी बलिदान किए हैं। अब उन्हें वापस देने की बारी मेरी है।

## आईएलटी20 सीजन 3 के लिए डेजर्ट वाइपर्स में शामिल हुए कुशल मल्ला

एजेंसी

**दुबई।** नेपाल के हरफनमौला खिलाड़ी कुशल मल्ला को आईएलटी20 के आगामी तीसरे सीजन के लिए डेजर्ट वाइपर्स ने साइन किया है। मल्ला इस महीने के उद्घाटन नेपाल प्रीमियर लीग में बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे। डेजर्ट वाइपर्स ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मल्ला नीदरलैंड के ऑलराउंडर बास डी लीडे के प्रतिस्थापन के रूप में वाइपर्स में शामिल होंगे, जो चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। हालांकि मल्ला अभी भी केवल 20 वर्ष के हैं। टूनार्मेंट समाप्त होने के एक महीने बाद वे 21 वर्ष के हो जाएंगे। मल्ला के पास पहले से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी अनुभव है। बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ने फरवरी 2020 में यूएसए के खिलाफ 15 साल और 340 दिन की उम्र में अपना वन-डे इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जिससे वे उस प्रारूप में खेलने वाले आठवें सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए।

मल्ला ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय (टी-20) में नेपाल के पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 47 मैचों में एक शतक, चार अर्द्धशतक और 147.66 के स्ट्राइक रेट के साथ 917 रन बनाए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले किसी भी नेपाली बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। 2023 एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ मल्ला ने नाबाद 137 रन की शतकीय पारी सिर्फ. 50 गेंदों में खेली थी, इस दौरान उन्होंने आठ चौके और 12 छक्के लगाए थे और यह पुरुष टी-20 के इतिहास में तीसरे नंबर के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। मल्ला ने 39 वनडे मैचों में एक शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 768 रन भी बनाए हैं, और वह नेपाल के लिए अंतरराष्ट्रीय सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले केवल चार पुरुष खिलाड़ियों में से एक हैं। इसके अलावा, उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 43 विकेट लिए हैं और वह इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिका और कैरेबिया में आईसीसी टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली नेपाल टीम के सदस्य थे। कुशल मल्ला के अनुबंध पर डेजर्ट वाइपर्स के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने कहा, ₹कुशल का डेजर्ट वाइपर्स में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। वह एक युवा खिलाड़ी है, लेकिन इतने कम उम्र में उसके पास उच्च स्तर पर काफी अनुभव है, इसलिए हम जानते हैं कि वह वाइपर्स के सेट-अप में कदम रखने से विचलित नहीं होगा। यह भी एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात है कि कुशल नेपाल प्रीमियर लीग के बाद हमारे पास आ रहा है, प्रतिस्पर्धी माहौल में अच्छे खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेल रहा है। मूडी ने कहा, बल्लेबाज के तौर पर, कुशल लगभग हर जगह खेल सकता है, ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सलामी बल्लेबाज से लेकर सातवें नंबर तक बल्लेबाजी कर चुका है, और इस प्रारूप में उसका स्ट्राइक-रेट दिखाता है कि वह कितना खतरनाक खिलाड़ी है। और एक गेंदबाज के तौर पर, उसका बाएं हाथ का स्पिन हमें एक ऐसा विकल्प देता है जिसकी कमी पहले हमारी टीम में थी, इसलिए यह एक बहुत बड़ा प्लस है। मैं अक्सर उच्च क्षमता वाले खिलाड़ियों की बात करता हूं। यह निश्चित रूप से कुशल पर लागू होता है। मूडी ने कहा, ₹हमें इस सीजन में बास की सेवाओं के बिना रहने का खेद है। पिछले सीजन में वह हमारी टीम में अच्छी तरह से फिट हुआ था और हम उसे चोट से जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं, जिसके कारण वह इस टूनार्मेंट से बाहर हो गया है। कुशल के रूप में हमें लगता है

मिलान में सीरीज एक फुटबॉल मैच में खेलते हुए इंटर मिलान और कोमो क्लब के खिलाड़ी।



## घर में बरकत के लिए इन उपायों से करें मां अन्नपूर्णा को खुश

मां अन्नपूर्णा को अन्न की देवी कहा जाता है। मां अन्नपूर्णा की कृपा से पूरी सृष्टि का भरण-पोषण होता है। अन्नपूर्णा मां पार्वती का ही रूप हैं। आज के दिन ही पार्वती मां अन्नपूर्णा के रूप में प्रकट हुई थी, तब से ही अन्नपूर्णा जयंती मनाई जाती है। जो व्यक्ति आज के दिन माता पार्वती की पूजा करता है, उसके घर कभी भी अन्न-धन की कमी नहीं होती। मां अन्नपूर्णा एक बार अपनी कृपा जिस पर कर दें, उसके भाग्य के द्वार अपने आप खुल जाते हैं।

क्यों मनाई जाती है अन्नपूर्णा जयंती: पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार धरती पर अन्न-जल का अकाल पड़ गया। चारों और त्राहि-त्राहि मच गई। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए लोग ब्रह्मा और विष्णु की पूजा-अर्चना करने लगे। तब भी हल नहीं निकला तो सब देवता शिव जी की शरण में मदद मांगने गए। समस्या का निवारण करने के लिए महादेव पृथ्वी लोक का भ्रमण करने निकले। संसार के कल्याण हेतु मां पार्वती अन्नपूर्णा के रूप में धरती पर प्रकट हुई और आज के दिन ही भगवान शिव मां के आगे भिक्षा मांगते हुए नजर आए। इस दिन को देवी अन्नपूर्णा के अवतण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आज शिवालय जाकर देवी अन्नपूर्णा अर्थात मां पार्वती की पूजा करें। गौघृत का दीप और सुगंधित धूप करें, मेहंदी व सफ़ेद फूल चढ़ाएं। धनिए की पंजीरी मां को बहुत प्रिय है। अत: घर में पंजीरी बनाकर भोग लगाएं। अब वहीं पर आसन बिछाकर बैठ जाएं और इस विशेष मंत्र का जाप करें।

मां अन्नपूर्णा पूजा मंत्र: ह्रीं अन्नपूर्णायै नम॥

अन्नपूर्णा जयंती के उपाय: अन्नपूर्णा जयंती का दिन बहुत ही विशेष है। कुछ उपाय सच्चे दिल से कर लिए जाएं तो घर के भंडार कभी भी खाली नहीं होते और परिवार के सदस्यों को दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की प्राप्त होती है।

स्नान आदि के बाद स्वच्छ कपड़े पहनक रसोई, चूल्हे की साफ-सफाई करें। खाना पकाने से पहले चूल्हे पर हल्दी, कुमकुम, चावल और पुष्प अर्पित करें। अगर मां अन्नपूर्णा की विशेष कृपा पाना चाहते हैं तो घर की गृहलक्ष्मी रसोई में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर जरूर लगाए और खाना बनाने से पहले इनकी पूजा करे।

भोजन करने से पहले मां अन्नपूर्णा का स्मरण कर उनका धन्यवाद करें और हाथ जोड़ कर विनती करें की उनका आशीर्वाद सदैव बना रहें।

अगर आप चाहतें है की आपके जीवन में कभी भी अन्न की कमी न हो तो घर आए अतिथि को भोजन अवश्य करवाएं।

वैसे तो घर की गृहणी को प्रतिदिन ये उपाय करना चाहिए। संभव न हो तो आज अन्नपूर्णा जयंती के शुभ अवसर पर पहली रोटी गाय को दूसरी कुते को, तीसरी कौए को जरूर खिलाएं। ऐसा करने से देवी की विशेष कृपा बनी रहती है।



# गणेश जी ने बल से नहीं बल्कि बुद्धि से पाया था ये खास मुकाम

**वैसे तो समस्त देवतागण पूजनीय होते हैं परन्तु एक बार की बात है कि देवताओं में परस्पर विवाद हो गया कि उन सभी में सर्वश्रेष्ठ पूज्य कौन है? जब कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो सभी देवता एक स्थान पर एकत्रित होकर पितामह ब्रह्मा जी के पास पहुंचे।**

ब्रह्मा जी अपने कार्य में पूर्णतया व्यस्त थे। उन्हें सृष्टि निर्माण से फुर्सत ही नहीं थी। पंचायत के लिए समय निकालना बहुत कठिन था। अपना कार्य करते-करते ही उन्होंने देवताओं की मन से पूरी बात सुन ली और यह निर्णय सुना दिया- जो पृथ्वी की प्रदक्षिणा करके सबसे पहले मेरे पास आ जाएगा, वही सर्वश्रेष्ठ एवं प्रथम पूज्य माना जाएगा।

अब क्या था? देवराज इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर चढ़कर दौड़े। अग्निदेव ने अपने प्रिय भेड़े को भगाया। धन कुबेर जी ने अपनी सवारी ढोने वालों को तेज दौडने की आज्ञा दी। वरुणदेव का वाहन था मगर, अतएव उन्होंने समुद्री मार्ग पकड़ा। सभी देवतागण अपने-अपने वाहनों को दौड़ाते हुए चल दिए।

सबसे पीछे रह गए गणेश जी। एक तो उनका भारी भरकम शरीर और दूसरे, छोटा वाहन मूषक। उन्हें लेकर बेचारा चूहा कितनी देर तक दौड़ता? गणेश जी के मन में प्रथम पूज्य बनने की बड़ी उत्कंठा थी। अत:अपने को सबसे पीछे देख वह उदास हो गए। संयोग की बात, उसी समय सदैव पर्यटन में रहने वाले देवर्षि नारद जी अपने खड़ाऊ खटकाते, वीणा बजाते, भगवद्-गुण गाते उधर से निकले। गणेश जी को उदास देखकर नारद जी को दया आ गई। उन्होंने पूछा, ''हे पार्वतीनन्दन! आज आपका मुखमण्डल उदास क्यों है?''

गौरीनन्दन गणेश जी ने उन्हें अपनी पूरा समस्या बता दी। देवर्षि नारद जी हंस दिए और बोले, ''आप तो जानते ही हैं कि माता साक्षात् पृथ्वी होती हैं और पिता परमात्मा स्वरूप होते हैं। इसमें भी आपके पिता उन परमतत्व के ही भीतर तो अनन्त-अनन्त स्थित हैं।''

गणेश जी को अब और कुछ सुनना-समझना नहीं था। वह सीधे कैलाश पर्वत पहुंचे और अम्बा पार्वती की अंगुली पकड़कर छोटे शिशु की भांति अपनी ओर खींचने लगे। कहने लगे, ''अम्बा! पिताजी तो समाधि में तल्लीन हैं, पता नहीं उन्हें उठने में कितने युग बीतेंगे, आप ही चलकर उनके वाम पार्श्व में कुछ क्षण के लिए बैठ चलो न माता। चलिए, कृपया उठिए।''

पार्वती जी हंसती हुई जाकर अपने ध्यानस्थ पतिदेव के निकट बैठ गईं।

गणेश जी ने भूमि में लेटकर माता-पिता को प्रणाम किया फिर उनकी सात बार प्रदक्षिणा की। माता-पिता की प्रदक्षिणा करके पुन: साष्टांग प्रणाम किया और माता कुछ पूछें, इसके पूर्व उनका मूषक गणेश जी को लेकर ब्रह्मलोक को चल दिया।

ब्रह्मा जी ने एक बार उनकी ओर देख लिया और अपने नेत्रों से ही जैसे स्वीकृति दे दी? बेचारे देवतागण अपने वाहनों को दौड़ाते पूरे वेग से पृथ्वी की प्रदक्षिणा पूर्ण करके एक के बाद एक ब्रह्मलोक पहुंचे।

सब देवतागण एकत्र हो गए तो ब्रह्मा जी ने निर्णय दिया, श्रेष्ठता केवल शरीर बल को नहीं दी जा सकती है, गणेश जी अपने को अग्रेसर सिद्ध कर चुके हैं। देवताओं ने पूरी बात सुन ली और चुपचाप गणेश जी के सम्मुख सभी ने मस्तक झुका दिया।

देवगुरु बृहस्पति ने उसी समय कहा, '' सामान्य माता-पिता का सेवक और उनमें श्रद्धा रखने वाला भी पृथ्वी प्रदक्षिणा करने वाले से श्रेष्ठ है। फिर गणेश जी ने जिनकी प्रदक्षिणा की है, वे तो विश्वमूर्ति हैं, इसे कोई अस्वीकार कैसे करेगा?''

## रोज सत्संग सुनना क्यों है जरुरी ?

एक युवक कबीरदास के पास आया और कहने लगा, गुरुजी मैंने अपनी शिक्षा पूरी कर ली है और अब मैं अपना अच्छा-बुरा समझता हूं। फिर भी मेरे माता-पिता मुझे निरंतर सत्संग सुनने की सलाह देते रहते हैं। आखिर मुझे रोज सत्संग सुनने की क्या जरूरत है ?

कबीर जी ने उस युवक के प्रश्न को सुना लेकिन प्रश्न का उत्तर न देते हुए एक हथौड़ी उठाई और पास ही जमीन पर गड़े एक खूंटे पर जोर से मार दी।

युवक उत्तर पाने का थोड़ी देर इंतजार करता रहा लेकिन जवाब न मिलने पर वहां से चला गया। अगले दिन वह फिर कबीरदास के पास आया और कहने लगा, मैंने आपसे कल एक प्रश्न पूछा था, पर आपने कोई उत्तर नहीं दिया। क्या आज आप मेरे सवाल का उत्तर देंगे ?

कबीर ने फिर उसकी बात सुनी लेकिन फिर जवाब नहीं दिया बल्कि फिर से खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी। युवक ने सोचा कि संत पुरुष हैं, शायद आज भी मौन में हैं। वह तीसरे दिन फिर आया और अपने प्रश्न को दोहराने लगा।

कबीर जी ने जवाब देने के बजाय फिर से खूंटे पर हथौड़ी चला दी। अब युवक परेशान होकर बोला, आखिर आप मेरे प्रश्न का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं ?

कबीर जी ने कहा, मैं तो तुम्हें रोज तुम्हारे प्रश्न का जवाब दे रहा हूं। देख नहीं रहे कि मैं क्यों रोज इस खूंटे पर हथौड़ी मार रहा था। युवक कुछ समझा नहीं।

उसने इस बात का अर्थ पूछा। कबीर ने कहा, मैं इस खूंटे पर हर दिन हथौड़ी मारकर जमीन पर इसकी पकड़ को मजबूत कर रहा हूं। यदि मैं ऐसा नहीं करूंगा तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या किसी की ठोकर लगने से यह खूंटा निकल जाएगा।

यही काम हमारे जीवन में सत्संग हमारे लिए करता है। वह हमारे मन रूपी खूंटे पर निरंतर प्रहार करता रहता है ताकि हमारी सद्भावनाएं मजबूत होती रहें इसलिए सत्संग सुनना हमारी दैनिक जीवनचर्या का अनिवार्य अंग होना चाहिए।

## भक्त की पुकार पर प्रकट हुए थे बांके बिहारी

आज श्रीबांकेबिहारी मंदिर में विशेष उत्सव होगा। बांके बिहारी जी का भव्य मंदिर वृंदावन में स्थित है। इस मंदिर में बिहारी जी की काले रंग की एक प्रतिमा है। इस प्रतिमा के विषय में मान्यता है कि इस प्रतिमा में साक्षात श्रीकृष्ण और राधा समाए हुए हैं इसलिए इनके दर्शन मात्र से राधा-कृष्ण के दर्शन का फल मिल जाता है।

इस प्रतिमा के प्रकट होने की कथा और लीला बड़ी ही रोचक और अद्भुत है इसलिए हर साल मार्गशीर्ष मास की पंचमी तिथि को बांके बिहारी मंदिर में बांके बिहारी प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस प्रतिमा के विषय में मान्यता है कि इस प्रतिमा में साक्षात श्रीकृष्ण और राधा समाए हुए हैं इसलिए इनके दर्शन मात्र से राधा-कृष्ण के दर्शन का फल मिल जाता है।

प्राकट्य कथा

संगीत सम्राट तानसेन के गुरु स्वामी हरिदास जी भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे। इन्होंने अपने संगीत को भगवान को समर्पित कर दिया था। वृंदावन में स्थित श्री कृष्ण की रासस्थली निधिवन में बैठकर भगवान को अपने संगीत से रिझाया करते थे। भगवान की भक्ति में डूबकर हरिदास जी जब भी गाने बैठते तो प्रभु में ही लीन हो जाते। इनकी भक्ति और गायन से रीझ कर भगवान श्रीकृष्ण इनके सामने आ जाते। हरिदास जी मंत्रमुग्ध होकर श्रीकृष्ण को दुलार करने लगते। एक दिन इनके एक शिष्य ने कहा कि आप अकेले ही श्री कृष्ण का दर्शन लाभ पाते हैं हमें भी सांवरे सलोने का दर्शन करवाएं।

# भगवान विष्णु ने क्यों लिया मछली का अवतार



**ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एकादशी तिथि की तरह द्वादशी तिथि को भी हिंदू धर्म में अधिक महत्व प्रदान है। कहा जाता है इस दिन जो श्री हरि की पूजा विशेष लाभ प्राप्त करती है। तो वहीं मत्स्य द्वादशी के दिन भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की पूजा करने का विधान बताया जाता है।**

मत्स्य द्वादशी में विधि अनुसार नारायण पूजन करें। चार जल भरे पात्रों में पुष्प डालकर रखा जाता है, उन्हें तिल की खली से ढककर चार समुद्र के रूप में पूजा जाता है। श्रीविष्णु के प्रथम अवतार मत्स्य के रूप में पीली धातु की प्रतिमा का पूजन कर चारों पात्रों का दान किया जाता है।

भगवान विष्णु के मत्स्य का विधिवत दोषोपचार पूजन करें। गौघृत में हल्दी मिलाकर दीप करें, मोगरे की धूप करें। केसर चढ़ाएं। गेंदे के फूल चढ़ाएं, बेसन से बने मिष्ठान का भोग लगाएं तथा तुलसी की माला से इस विशेष मंत्र का 1 माला जाप करें। पूजन के बाद भोग प्रसाद रूप में वितरित करें।

भगवान विष्णु ने सृष्टि को प्रलय से बचाने के लिए मत्स्यावतार लिया था। सतयुग की बात है एक दिन राजा सत्यव्रत को नदी में स्नान करते समय एक मछली प्राप्त हुई। राजा ने उसे वापिस नदी में डाल दिया तो मछली बोली, राजा मेरी रक्षा करो इस जल में रहने वाले बड़े-बड़े जीव-जंतु मुझे खा जाएंगे।

वह उसे अपने कंमडल में डाल कर राजमहल ले आए। वहां आकर उसका आकार असमान्य तौर पर बढ़ने लगा। जब वह राजमहल के किसी भी पात्र में पूरी नहीं आई तो राजा ने उसे फिर से नदी में बहा दिया और उसे प्रार्थना करी की अपने असली रूप में दर्शन दे।

सत्यव्रत की प्रार्थना पर मछली ने विष्णु रूप में प्रकट होकर सत्यव्रत से कहा की सात दिन बाद प्रलय होगी तब तुम एक विशाल नाव में सप्त ऋषियों, औषधियों, बीजों व प्राणियों के सूक्ष्म शरीर को लेकर उसमें बैठ जाना व मैं मत्स्य के रूप में तुम्हारे पास आकर तुम्हें पार लगाऊंगा।

समय के अनुसार वही सब कुछ हुआ तथा प्रलय के बाद मत्स्य रूप धारी श्री हरि ने राजा सत्यव्रत को तत्वज्ञान का उपदेश दिया। जो मत्स्यपुराण के नाम से प्रसिद्ध है।

दूसरी मान्यता के अनुसार जब हयग्रीव ने वेदों को चुरा कर सागर की गहराई में छुपा दिया था। तब श्री हरि ने मत्स्य रूप धारण करके वेदों को प्राप्त कर फिर से स्थापित किया था।सही करियर का चुनाव आपको बुलंदियों पर पहुंचा देता है। अपने करियर को लेकर छात्रों के मन में कई सवाल आते हैं।

# साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में अहम रोल निभाने वाले हैं सोहेल खान

**कई बॉलीवुड एक्टर साउथ की फिल्मों में अब अभिनय करते हुए नजर आने लगे हैं। बॉबी देओल के बाद अब एक्टर सोहेल खान भी साउथ की फिल्म में नजर आएंगे, इस फिल्म का उनका पहला लुक हाल ही में सामने आया है। उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।**

### एक्शन फिल्म है 'एनकेआर 21'

नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है। यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है।

### मिल रहा है नेगेटिव रोल का फील

सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। सोहले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है। वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं। सोहेल का यह लुक नेगेटिव रोल वाली फीलिंग दे रहा है। फिल्म 'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के किरदार काफी पावरफुल बताए जा रहे हैं। इन दोनों के किरदारों का आमाना-सामना दर्शक होते हुए देखेंगे। यह फिल्म सोहेल खान की साउथ में पहली फिल्म होगी। सोहेल ने बतौर एक्टर बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है, वह कॉमेडी, एक्शन, रोमांटिक सभी तरह के रोल कर चुके हैं। अब लगता है कि साउथ की फिल्म 'एनकेआर 21' में वह नेगेटिव किरदार निभाकर, दर्शकों को हैरान कर सकते हैं इस फिल्म को लेकर सोहेल खान भी काफी एक्साइटेड हैं।

### फिल्म की टीम है खास

'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के अलावा भी सई मांजेकर, श्रीकांत, पृथ्वीराज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी कर रहे हैं। इस फिल्म में अजनीश लोकनाथ ने म्यूजिक दिया है। सीनियर एक्ट्रेस विजयाशांति भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी।

# कई बार ऐसा लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए।

ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।

### इन फिल्मों में नजर आए सितारे

अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आई थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता फुकरे फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे।

### निर्माता के तौर पर सामने आए कपल

वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं। अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। फिल्म में प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण के साथ कनी कुसरुति मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है।

# पुष्पा 3 का निर्माण जल्दी करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन, आगे खिसकाई त्रिविक्रम की फिल्म!

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब पुष्पा 3 को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### पुष्पा 3 पर तेजी से काम करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा दर्शक मिले। ऐसे में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म से मिली सफलता और लोगों से उत्साह को कम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में जल्द से जल्द पुष्पा 3 का निर्माण करना चाहते हैं, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। वहीं, अब निर्माताओं के साथ मिलकर अल्लू अर्जुन इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म

हालांकि, अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पर काम करना था। अब पुष्पा 3 के लिए निर्देशक सुकुमार के साथ मिलकर काम करने से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पूरी करने की उनकी मूल योजना खतरे में पड़ सकती है। इस बीच सुकुमार भी राम चरण के साथ एक फिल्म निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आयुष्मान और रश्मिका की 'थामा' का इंट्रोडक्टरी शूट हुआ पूरा, फिल्म से जुड़ी अपडेट आई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की आधिकारिक घोषणा की। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेश रावल के साथ आयुष्मान और रश्मिका ने फिल्म के इंट्रोडक्ट्री सीन शूट किए हैं। कथित तौर पर फिल्म से नवाजुद्दीन सिद्दिकी के किरदार से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। आइए जानते हैं फिल्म की अगला शूट कहां होगा।

### इस दिन शूट किया गया सीन

रिपोर्ट्स के मुताबिक आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल ने 12 दिसंबर, 2024 को रात के शेड्यूल के साथ शूटिंग शुरू की। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा', निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया की अगली किस्त होगी। फिल्म को अक्तूबर 2024 में ही शुरू किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई।

### दिल्ली में हो सकता है अगला शूट

कहा जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2025 में लगातार शूटिंग शेड्यूल के लिए दिल्ली में फिर से इकट्ठा हो सकती है। राजधानी में एक महीने की फिल्मांकन के बाद, वह फरवरी 2025 में ऊटी जाएंगे, जहां नवाजुद्दीन सिद्दीकी कलाकारों में शामिल होंगे।

### ऊटी के जंगलों में चलेगी लंबी शूटिंग

रिपोर्ट्स की माने तो ऊटी के जंगलों में लंबी शूटिंग की योजना बनाई गई है, क्योंकि नवाजुद्दीन के किरदार को जंगल में रहते हुए दिखाया गया है। खलनायक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर शीतल शर्मा द्वारा डिजाइन किए गए एक अनोखे लुक में नजर आएंगे। आदित्य सतपोदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'थामा' दिवाली 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना पहली बार एक साथ नजर आएंगे।

# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है। गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है।

# टीवी सेलिब्रिटी दिखाएंगे मास्टर शेफ में कुकिंग का हुनर, फराह खान-रणवीर बरार होंगे जज

मास्टर शेफ को पसंद करने वालों की संख्या काफी है। इस शो के जरिए आम लोगों को भी अपने खाना बनाने के हुनर के कारण सेलिब्रिटी शेफ बनने का मौका मिला है। देश में आज कई ऐसे बड़े शेफ हैं, जो 'मास्टर शेफ' में बतौर प्रतियोगी आए और बाद में सेलिब्रिटी शेफ बन गए। अब इस शो में टीवी के नामी सेलिब्रिटीज नजर आएंगे और अपनी कुकिंग का हुनर दर्शकों को दिखाएंगे। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' जल्द ही शुरू होने वाला है।

### मिलेंगे मुश्किल कुकिंग टास्क

सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है। यह वीडियो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का नया प्रोमो है। इसमें शेफ रणवीर बरार, एक मुश्किल कुकिंग टास्क प्रतियोगियों को देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही निर्देशक, कोरियोग्राफर फराह खान भी नजर आती हैं। इस वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- 'जिन्हें देखकर पूरा इंडिया सीटी बजाता था, अब उन सबकी सीटी बजेगी।'

### दीपिका कक्कड़ की टीवी पर वापसी

इस शो में जो टीवी सेलिब्रिटी नजर आएंगे, उनमें से एक दीपिका कक्कड़ भी है। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आई। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। अब साफ हो गया है कि 'मास्टर शेफ' के जरिए दीपिका एक बार फिर से टीवी पर नजर आएंगी।

### गौरव खन्ना भी होंगे शामिल

टीवी सीरियल 'अनुपमा' छोड़ने के बाद गौरव खन्ना भी अब 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगे। वह दिखाएंगे कि एक्टिंग करने के अलावा उन्हें अच्छी कुकिंग करनी भी आती है।

### तेजस्वी प्रकाश भी आएंगी नजर

तेजस्वी प्रकाश कई टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं। वह 'बिग बॉस 15' जीत भी चुकी हैं। अब तेजस्वी प्रकाश भी 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगी।

# महेश बाबू की SSMB29 से जुड़ सकती हैं प्रियंका

पिछले लंबे समय से महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म SSMB29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह राजामौली और महेश के बीच पहला कोलैबोरेशन है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही फिर से इंडियन सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि प्रियंका जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।

# निर्माता बोनी कपूर ने फिल्मसिटी के निर्माण का मास्टर प्लान यीडा सीईओ को सौंपा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर एयरपोर्ट का विधिवत उद्घाटन 17 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित है। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेवर आएंगे। अब खबर आ रही है कि जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन वाले दिन ही यमुना सिटी में स्थापित होने वाली फिल्म सिटी का शिलान्यास भी हो जाएगा।

बोनी कपूर ने मंगलवार को फिल्म सिटी का पूरा मास्टर प्लान यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के डा. अरूणवीर सिंह को सौंप दिया है। खबर यह है कि 17 अप्रैल 2025 को नोएडा के स्थापना दिवस के अवसर पर जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के दिन ही फिल्म सिटी का शिलान्यास कराने की योजना बनाई जा रही है।

फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने जेवर एयरपोर्ट के पास फिल्म सिटी का मास्टर प्लान यीडा के डा. अरूणवीर सिंह को सौंपा। यमुना अथॉरिटी कार्यालय में मास्टर प्लान जमा कराए जाने के बाद बोनी कपूर ने मीडिया के सामने विशेषताओं को रखा। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सिटी रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद से कई मायनों में आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि फिल्म स्टार्स को सबसे अधिक परेशानी खाने को लेकर होती है। अगर वह कहीं शूट करने जाते हैं तो उन्हें अपने साथ शेफ लेकर ट्रैवल करना पड़ता है। यह काफी महंगा होता है। इसलिए, हम यहां शेफ की फैसलिटी को भी डेवलप करेंगे।

# अटल जयंती पर सुशासन सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी
के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में
सुशासन सप्ताह
(19, 23 एवं 24 दिसम्बर, 20
जिल
गौतमबुद्ध नग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जनपद में सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम संचालित किया गया।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राजस्व परिषद के पूर्व अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, सभी पात्रों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिले यही सुशासन है।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को समय से अपने–अपने कार्यालयों में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए एवं कार्यालय में आने वाले फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गहनता के साथ सुने एवं उनका निस्तारण भी करने का काम करें।

कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की गहन जांच करें : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों को जनपद गौतमबुद्ध नगर में प्रभावी तौर पर लागू कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने क्रिसमस एवं नववर्ष को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज एवं हॉस्टलों में संचालित कैंटिनों का भी औचक निरीक्षण करने को कहा।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी ने बीते दिनों जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी प्रवर्तन कार्यवाही से डीएम को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया।

बैठक में डीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्रिसमस एवं नववर्ष को ध्यान में रखते हुए जनपद में विशेष अभियान संचालित करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सैंपलिंग की जाए।

डीएम ने अधिकारियों से फूड फोर्टिफिकेशन, रीयूज्ड कुकिंग ऑयल एवं शुद्ध खाद्य व पेय पदार्थों को लेकर एक एडवाइजरी तैयार करते हुए सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन के फिर अध्यक्ष बने प्रमेंद्र भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन चुनाव में प्रमेंद्र भाटी ने बादशाह वाली जीत हासिल करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। प्रमेंद्र भाटी ने अपने प्रतिद्वंद्वी मनोज भाटी बोड़ाकी को शिकस्त दी है। सचिव पद पर एडवोकेट अजीत नागर ने जीत हासिल की है। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी शोभाराम को एकतरफा मुकाबले में हराया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष और सह सचिव (प्रशासनिक) और कोषाध्यक्ष पदों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। प्रमेंद्र भाटी को 1262 वोट मिले जबकि मनोज भाटी बोड़की को 832 वोट मिले। प्रमेंद्र भाटी ने मनोज को 430 मतों के भारी अंतर से हराया है।

एडवोकेट अजीत नागर को 1208 वोट मिले हैं। दूसरे स्थान पर उम्मीदवार एडवोकेट शोभाराम चंदीला को 764 वोट मिले हैं, जबकि तीसरे स्थान पर रहे एडवोकेट विपिन को केवल 353 मत मिले हैं। इस तरह एडवोकेट अजीत नागर ने निकटतम प्रतिद्वंदी शोभाराम को 444 मतों से पराजित किया है।

# धूमधाम से हुआ भारत स्काउट गाइड रैली का समापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 23वीं जनपदीय भारत स्काउट गाइड रैली का समापन समारोह गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। सुरेंद्र कुमार डिप्टी कमांडेंट ऑफिसर 36 बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स मुख्य अतिथि के रूप में रहे।

डॉक्टर सुबोध कुमार गुप्ता असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर स्काउट, मयंक शर्मा सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त, नूतन भाटी एम डी ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, वंदना शर्मा प्रधानाचार्य ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा शर्मा प्रबंधक चेतराम शर्मा कन्या इंटर कॉलेज द्वारा की गई। जिला मुख्य आयुक्त डॉ राकेश कुमार राठी, गाइड कमिश्नर देवकी चौधरी, जिला स्काउट कमिश्नर विजेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह, जिला सचिव पुष्पेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज राजीव राठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। जनपद के विभिन्न स्कूलों से 48 स्काउट, गाइड, कब, बुलबुल की टीमों ने प्रतिभाग कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्दी, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, प्राथमिक चिकित्सा तंबू निर्माण घाटे बंधन हस्तकला प्रदर्शनी स्किल और राम झांकी कैंप फायर आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार स्काउट मास्टर, विकास कुमार ट्रेनिंग काउंसलर , कविता कुमारी ट्रेनिंग काउंसलर, जयप्रकाश स्काउट मास्टर ,संजीव कुमार स्काउट मास्टर, विपिन हरित स्काउट मास्टर , संदीप कौशिक स्काउट मास्टर विजय पाल स्काउट मास्टर, परिणीता गुप्ता गाइड कैप्टन ,भारती श्रीवास्तव जिला बेसिक गाइड कैप्टन, ज्योतिर्मय पांडे जिला बेसिक स्काउट मास्टर, राजकुमार शर्मा स्काउट मास्टर, रश्मि त्रिपाठी जिला बेसिक कब मास्टर, आरती कुलश्रेष्ठ बेसिक फ्लॉक लीडर का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन शिव कुमार जिला संगठन आयुक्त स्काउट, शेफाली गौतम जिला संगठन आयुक्त गाइड द्वारा किया गया। अंत में ध्वज उतारने के बाद राष्ट्रगान कर रैली का विधिवत समापन किया गया

# श्रीपर्णा राय को मिला 'प्राइड मिस यूनिवर्स 2024' का खिताब

**दिल्ली ( चेतना मंच )।** प्राइड ऑफ इंडिया मिस, मिसेज़ और मिस टीन इंडिया 2024 का भव्य ग्रैंड फिनाले नई दिल्ली स्थित रैडिसन ब्लू होटल में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ग्रैंड फिनाले का नेतृत्व प्राइड ऑफ इंडिया की संस्थापक डॉ. जिमी गरिमा एवं सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी द्वारा किया गया।

MISS UNIVERSE 2024 - WINNER

जिमी गरिमा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर से 50 से अधिक फाइनलिस्ट ने अपने राज्यों का गर्वपूर्वक प्रतिनिधित्व किया।कई शानदार राउंड्स के बाद, राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें देबस्मिता साहू मिस इंडिया 2024, तोशी कोटांगले मिस टीन इंडिया 2024, डॉ. शेहा ठाकुर गोयल मिसेज इंडिया 2024 (₹1), और सीमा नथानी मिसेज इंडिया 2024 (G2) चुनी गईं। इन प्रतिभाशाली विजेताओं ने अपनी प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और उत्कृष्टता से सभी का दिल जीत लिया।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता भारत के लिए वैश्विक मंच पर भी गर्व का क्षण साबित हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई। निधि भारद्वाज को मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल 2024, ख्वाहिश कोहली को मिस टीन वर्ल्ड इंटरनेशनल 2024 और श्रीपर्णा राय को प्राइड मिस यूनिवर्स 2024 के खिताब से नवाजा गया।

सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी ने बताया कि यह कार्यक्रम डीके पेजेंट ऑर्गनाइजेशन और काइनोवेडा के सहयोग से आयोजित किया गया।

# भाजपा एमएलसी ने किया 'बॉडी हंक्स' जिम का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा ने गाजियाबाद में 'बॉडी हंक्स' जिम का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिम की शुरुआत श्रीचंद शर्मा (एमएलसी) और जाने माने फिटनेस आइकॉन दीपक शर्मा (जेलर, तिहाड़) ने रिबन काट कर की। इस अवसर पर दीपक शर्मा ने कहा कि युवा नशे की बजाय यदि शरीर को स्वस्थ रखने पर देंगे और सही खान पान की आदत डालेंगे तो भविष्य सुनहरा होगा। इस मौके पर पहुंचे मशहूर रेसलर राधे गुर्जर, फिटनेस आइकॉन विपिन गुर्जर, एमसी पंडित आदि ने युवाओं को जिम के टिप्स भी दिए और मौजूद फिटनेस प्रेमियों को पुरष्कृत भी किया।

जिम डायरेक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि 'बॉडी हंक्स' में वर्कआउट की अत्याधुनिक मशीनों की बड़ी श्रृंखला है। यहां फिटनेस एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में लोगों को फिट रहने का मौका मिलेगा। साथ ही, जिम में वेटलिफ्टिंग, कार्डियो, योगा और अन्य फिटनेस प्रोग्राम्स की सुविधाएं भी दी जाएंगी।

कार्यक्रम में सीताराम शर्मा ( निदेशक, जिला सहकारी बैंक, गाजियाबाद), नरेश शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार), अविनाश शर्मा, अर्जुन शर्मा, संजय भाटी पाली, और अजीत गुर्जर आदि लोगों ने शिरकत की।

# संयुक्त किसान मजदूर संगठन का हुआ विस्तार

## अनिल अवाना बने जिलाध्यक्ष

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अन्तर्राष्ट्रीय शूटर किसान नेता संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित, संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना, संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय महासचिव शाहबुद्दीन, संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय सचिव योगेश शर्मा , संयुक्त किसान मजदूर संगठन प्रदेश महासचिव मुन्ना आलम ने संयुक्त रूप से झुंडपुरानिवासी अनिल अवाना को संयुक्त किसान मजदूर संगठन रेड्डी पटरी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पंडित श्याम सुंदर दीक्षित निवासी सैक्टर 110 नोएडा को संयुक्त किसान मजदूर संगठन नोएडा महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना, राष्ट्रीय महासचिव शाहबुद्दीन, राष्ट्रीय सचिव योगेश शर्मा, प्रदेश महासचिव मुन्ना आलम,नवल सिंह चौहान, रणवीर भाटी, परमवीर लोहिया, अनिल अवाना,गगन, पंडित श्याम दीक्षित, अनुराधा शर्मा, श्याम बाबू,राम गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# आबादी समस्या के निस्तारण को प्राधिकरण सक्रिय

## भूलेख विभाग ने गांवों में शुरू किया सर्वे का कार्य

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किसानों की आबादी की समस्या को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने भगीरथ प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में भूलेख विभाग की टीम व संबंधित वर्क सर्किल के अधिकारियों ने गांवों में जाकर सर्वे शुरू कर दिया।

किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम की निर्देश पर क्षेत्र में आने वाले 81 गांव में किसानों की आबादी व परीफेरल का सर्वे काम शुरू किया गया है। इसके तहत भूलेख विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने सोमवार को शाहपुर गोवर्धन गांव का टीम ने सर्वे से संबंधित काम किया। नोएडा प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए पांच गांव चिह्नित किया है। किसान संगठनों की मांगों को लेकर शासन की ओर से 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद चेयरमैन की अध्यक्षता में मंडलायुक्त मेरठ व जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की समिति गठित की गई थी। गठित समिति की ओर से 27 अगस्त को अपनी विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की। समिति की आख्या /अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए शासन की ओर से एक दिसंबर को समिति गठित की गई है। शासन स्तर से गठित समिति की ओर से किसानों की समस्याओं के समाधान कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से भूलेख विभाग, वर्क सर्किल एवं नियोजन विभाग को गांवों का सर्वे किए जाने को निर्देशित किया गया है। उक्त क्रम में आबादी व पेरीफेरल के संबंध में सर्वे कार्य किया जाना है। प्रारंभिक रूप से पांच गांवों को चिह्नित किया गया है। इसी के तहत सोमवार को शाहपुर गोवर्धन में गांव की आबादी व पेरीफेरल के संबंध में भूलेख विभाग की टीम द्वारा सर्वे कार्य प्रारंभ किया है।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com